डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति शनिवार को प्रकाशित, मंगल 14.11.2022 से 20.11.2022 • वर्ष-38 • अंक-46 • मूल्य ₹10.00

मध्यप्रदेश में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़कें बनाई जायेंगी - श्री नितिन गडकरी

सड़क परियोजनाएं महाकौशल के विकास की गारंटी – मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

"मध्यप्रदेश में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत की सड़कें बनाई जायेंगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के भागीरथ प्रयासों से मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से विकसित राज्य बन गया है। जबलपुर में विकास की अपार संभावनाओं को मूर्त रूप देने के लिये केंद्र सरकार से हमेशा सहयोग मिलेगा। यहां शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, रोज़गार सहित अन्य सभी सेक्टर्स में विकास को गति मिलेगी। ये बातें केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने जबलपुर में 4054 करोड़ रुपये लागत से 214 किलोमीटर लंबाई की 8 सड़क परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण करते हुये कहीं।"

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर में सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए।

जबलपुर, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में जहां कहीं भी लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना का प्रस्ताव देंगे उन सबको मंजूरी दे दी जायेगी। उन्होंने कहा कि शहपुरा-भिटोनी मार्ग को उन्नत करने और उमरिया-डुंगरिया मार्ग को रिंग रोड से जोड़ने के कार्य को स्वीकृति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा शहपुरा-नरसिंहपुर और दमोह की सभी सड़क परियोजनाओं को जल्द ही मूर्त रूप दिया जायेगा। जबलपुर में रिंग रोड पर तैयार होने वाले आईकॉनिक ब्रिज को पर्यटन के लिये विकसित करने के लिये केंद्र सरकार द्वारा सभी संभव मदद दी जायेगी। श्री गडकरी ने कहा कि जबलपुर से दमोह तक 800 करोड़ रुपये की लागत से 100 किलोमीटर 2 लेन सड़क निर्माण की मंजूरी दी गई है। इस मार्ग के लिये डीपीआर का कार्य पूरा हो गया है। जबलपुर के आईएसबीटी से पाटन तक 2 लेन सड़क, नरसिंहपुर से सिंहपुर तक 10 किलोमीटर लंबी 4 लेन सड़क को मंजूरी दी गई है। नरसिंहपुर से श्योपुर मार्ग का डीपीआर बहुत जल्द तैयार हो जायेगा। सिवनी से बालाघाट तक 88 किलोमीटर लंबा मार्ग नया एनएच होगा।

जबलपुर-नागपुर मेट्रो भी जल्द होगी शुरू

केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि मेट्रो सेवा बड़े शहरों के लिये बेहद जरूरी है, इसी को ध्यान में रखते हुये जबलपुर और नागपुर के मध्य मेट्रो ट्रेन जल्दी ही शुरू की जायेगी। इसमें 8 बोगी होंगी। दो बोगी फल-सब्जियों के लिये रहेंगी। शेष छह बोगी में एक बिजनेस क्लास बोगी होगी, जिसमें हवाई जहाज की तरह सुविधाएं होंगी।

रिंग रोड के आसपास की जमीन करें अधिग्रहित

श्री गडकरी ने कहा कि जबलपुर में बनने वाले रिंग रोड के आसपास की जमीन राज्य सरकार अधिग्रहित करे। डेव्हलपमेंट अथॉरिटी बनाये। इस जमीन पर लॉजिस्टिक पार्क, इण्डस्ट्रियल क्लस्टर और स्मार्ट सिटी का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भेड़ाघाट में म्यूजिकल फाउंटेन बनाने में केंद्र सरकार मदद करेगी।

जबलपुर का होगा सर्वांगीण विकास

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सड़क परियोजनाओं-रिंग रोड का निर्माण जबलपुर के सर्वांगीण विकास की गारंटी है। यह केवल रिंग रोड ही नहीं है, बल्कि युवाओं के रोज़गार, उद्योग, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित विकास के लिये अनेक द्वार खोलने वाली परियोजना है। इससे महाकौशल क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाएं बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जबलपुर प्रदेश के सर्वाधिक विकसित शहरों में होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने देश में विकास की नई परंपरा शुरू की है। उनकी कल्पनाशीलता का लाभ सभी को मिल रहा है। उन्होंने असंभव को भी संभव बनाया है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट प्रदेश के विकास में होगी सहायक

मुंबई, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुम्बई में 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश' कार्यक्रम में निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं मध्यप्रदेश की 8.5 करोड़ जनता की ओर से निवेश के लिए आमंत्रित करने आया हूं। मध्यप्रदेश में सभी उद्योगों में अपार संभावनाएं हैं। टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण, फार्मास्युटिकल सेक्टर सहित सभी क्षेत्रों में निवेशकों के लिए मध्यप्रदेश आकर्षण का केंद्र है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सिंगल विन्डो सिस्टम से उद्योग स्थापना संबंधी प्रक्रियाओं को सुगम और समय-सीमा में पूर्ण करना संभव हो रहा है। पर्यटन की दृष्टि से भी मध्यप्रदेश, देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है। भारत को वर्ष 2026 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए मध्यप्रदेश निवेश प्रोत्साहन के लिये प्रतिबद्ध है। प्रदेश में एक लाख 22 हजार एकड़ का लैंड बैंक, पर्याप्त पानी, बिजली, रोड नेटवर्क, दक्ष मानव संसाधन और शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध है। यहां 11 से 12 क्लाईमेटिक जोन हैं। यहां कोई भी बिजनेस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर की इन्फोबीन्स आईटी कंपनी को घंटी बजा कर बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) में सूचीबद्ध कराया।

श्री चौहान ने कहा कि इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दो दिन प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। समिट में निवेश का नया इतिहास लिखा जायेगा। प्रवासी भारतीय दिवस एवं खेलो इंडिया कार्यक्रम में भी आप सभी का हार्दिक स्वागत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-व्हीकल भविष्य की आवश्यकता है। प्रदेश में ई-व्हीकल कंपनियों के लिए पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है। हमने मध्यप्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया है।

श्रवण बाधित और मूकबधिर परीक्षार्थियों को मिलेंगे विशेष शिक्षक

भोपाल, राज्य शासन ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में ऐसे सभी परीक्षा केंद्रों पर साइन लैंग्वेज जानने वाले शिक्षक को पर्यवेक्षक बनाने के निर्देश दिए हैं, जहां श्रवणबाधित एवं मूकबधिर परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। निःशक्तजन आयुक्त श्री संदीप रजक ने लोक शिक्षण आयुक्त को पत्र लिखकर श्रवणबाधित और मूकबधिर परीक्षार्थियों के परीक्षा कक्ष में सांकेतिक भाषा जानने वाले विशेष शिक्षक की नियुक्ति करने का आग्रह किया था। लोक शिक्षण आयुक्त श्री अभय वर्मा ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान श्रवणबाधित एवं मूकबधिर परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्रों पर विशेष शिक्षकों को पर्यवेक्षक बनाने और उन्हें केन्द्र पर परीक्षा अवधि में उपस्थित रहने की अनुमति प्रदान की है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

स्कूली पाठ्यक्रम में जोड़े जायेंगे महापुरुषों के नाम

महापुरुषों के नाम हिन्दी में लिखे जाने संबंधी आदेश जारी होगा - मुख्यमंत्री

ग्वालियर, महापुरुषों का सम्मान और गरिमा बनाए रखना हम सबका नैतिक दायित्व है। इसी भाव के साथ मध्यप्रदेश में एक ऐसा आदेश जारी किया जायेगा, जिससे जिन संस्थानों के नाम महापुरुषों के नाम पर हैं वे नाम पूरे और हिन्दी में लिखे जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर में शुरू हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (मध्य भारत) के तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन-सत्र को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में भी महान क्रांतिकारियों एवं महापुरुषों के नाम प्रमुखता से जोड़े जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थी परिषद् की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन देश और समाज के लिये जीने वाली पीढ़ी तैयार करने में जुटा है। विद्यार्थी जीवन में मुझे इसी संगठन से जुड़ कर देश और समाज की सेवा करने की प्रेरणा मिली। मैं अपने सार्वजनिक जीवन में जो कुछ भी अच्छा कर पाया हूं, वह परिषद् से जुड़ने का ही सुफल है।

श्री चौहान ने कहा कि हमारे देश का इतिहास समृद्ध और वैभवशाली रहा है। हमारी संस्कृति ने न केवल दुनिया को ज्ञान का प्रकाश दिया अपितु विश्व को 'जियो और जीने दो' का पाठ भी पढ़ाया है।

नई शिक्षा नीति लागू करने में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। स्कूली शिक्षा में तेजी से सुधार आ रहा है। स्कूली शिक्षा में मध्यप्रदेश अब पांचवें नम्बर पर आ गया है। जल्द ही इसमें और सुधार आयेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजी एवं धन के अभाव में हम प्रतिभा को कुंठित नहीं होने देंगे। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी में शुरू की गई है। श्री चौहान ने कहा मेधावी छात्र योजना में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभावान बच्चों को उच्च शिक्षा के लिये सरकार आर्थिक मदद दे रही है। बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले बच्चों की मेडिकल, इंजीनियरिंग, कानून एवं प्रबंधन इत्यादि के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई की फीस की पूर्ति राज्य सरकार कर रही है।

किसानों को खाद के लिए लाइन न लगानी पड़े - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में उर्वरक वितरण समस्या की समीक्षा करते हुये कहा है कि किसानों को सहज ढंग से बिना परेशानी के खाद मिले, उन्हें लाइन न लगानी पड़े, यह सुनिश्चित करें। उर्वरक की उपलब्धता है, वितरण व्यवस्था की जहां कमी है, उसे दूर किया जाये। सभी कलेक्टर्स व्यवस्था करें कि किसानों को उर्वरक लेने के लिये लाइन न लगाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री मनसुख एल मंडाविया से पूर्ण सहयोग मिला है।

मुख्यमंत्री ने सतना, राजगढ़, सागर, और नीमच जिलों के कलेक्टर्स से खाद की उपलब्धता, वितरण केंद्र संख्या और वितरण व्यवस्था के संबंध में बातचीत कर निर्देश दिए। कटनी कलेक्टर ने बताया कि बैंकर्स सहयोग कर रहे हैं। शाम 4 की जगह शाम 5.30 बजे तक वितरण का प्रबंध किया गया है। किसानों से प्राप्त राशि के संबंध में बैंक देर शाम तक वित्तीय व्यवहार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह व्यवस्था अन्य जिलों में भी करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री के.सी. गुप्ता दमोह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक में शामिल हुए। उन्होंने सागर, छतरपुर और दमोह जिलों का दौरा कर उर्वरक वितरण की व्यवस्थाएं देखी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

5 नवम्बर

सेना ने नई डिजिटल पैटर्न वाली वर्दी के डिजाइन का कराया पेटेंट

● भारतीय सेना ने नई डिजिटल पैटर्न वाली लड़ाकू अभियान वाली वर्दी के डिजाइन का पेटेंट कराया है। अब इस वर्दी का स्वामित्व पूरी तरह से सेना के पास होगा। लड़ाकू अभियानों के लिए तैयार की गई इस वर्दी को 15 जनवरी को सेना दिवस के अवसर पर तात्कालिक सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे ने लॉन्च किया था। सेना की नई लड़ाकू वर्दी पुरानी वर्दी से कई मायनों में बेहतर है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नई वर्दी पहले की तुलना में हल्की, मजबूत और रख-रखाव के लिहाज से आसान बनाई गई है। नई वर्दी में महिला सैनिकों की जरूरतों को भी ध्यान में रखा गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार सेना के लिए नये केमोफ्लेज पैटर्न और कॉम्बैट यूनिफॉर्म (वर्दी) के डिजाइन बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) की प्रक्रिया पूरी कर ली है। सेना की नई वर्दी को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) ने डिजाइन किया है।

● केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता और उनके मूल्यांकन को कसौटी पर कसने की तैयारी कर रहा है। मंत्रालय ने इसके लिए उच्च स्तरीय पैनल गठित किया है। पैनल की अध्यक्षता आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नस के चेयरमैन डॉ. के. राधाकृष्णन करेंगे। डॉ. राधाकृष्णन आईआईटी काउंसिल की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन भी हैं। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कमेटी मूल्यांकन एवं मान्यता की प्रक्रिया को मजबूत करने तथा राष्ट्रीय मान्यता परिषद् की स्थापना का रोडमैप तैयार कर सलाह देगी।

6 नवम्बर

यूजीसी ने डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी रेगूलेशन का नया मसौदा किया जारी

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने नई शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुरूप

यूजीसी (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) नियमन-2022 का मसौदा जारी किया है। यूजीसी ने इस मसौदे पर विभिन्न पक्षकारों से विचार और सुझाव मांगे हैं। यूजीसी के चेयरमैन प्रो. एम. जगदीश कुमार ने कहा कि देश के संस्थान जो डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा चाहते हैं, उन्हें कम से कम 5 विभागों के साथ मल्टी डिसिप्लीनरी संस्थान होना होगा। इसके अलावा लगातार 3 वर्ष तक कम से कम 3.01 सीजीपीए के साथ नैक 'ए' ग्रेड मिला होना जरूरी है, साथ ही एनआईआरएफ रैंकिंग में लगातार तीन वर्ष तक ओवर ऑल वर्ग में टॉप-100 में शामिल रहना होगा। माना जा रहा है कि यूजीसी के इस मसौदे के बाद शिक्षण संस्थानों के लिए डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा हासिल करना कठिन हो जायेगा।

● ईरान ने उपग्रह ले जाने वाले एक रॉकेट का सफल परीक्षण किया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार इस रॉकेट का परीक्षण ईरान रिवल्यूशनरी गार्ड ने किया है। इस रॉकेट का नाम Ghaem-100 है। इरना के अनुसार यह रॉकेट 80 किलोग्राम के उपग्रह को पृथ्वी से 500 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर सकेगा। अमेरिका ने ईरान के इस परीक्षण पर आपत्ति जताई है। अमेरिका ने कहा कि सैटेलाइट रॉकेट का परीक्षण चिंता का विषय है। अमेरिका के अनुसार जिस बैलिस्टिक तकनीक का इस्तेमाल सैटेलाइट को कक्षा में स्थापित करने के लिए किया गया है, उसका इस्तेमाल हथियारों को लॉन्च करने के लिए किया जा सकता है।

7 नवम्बर

दवाओं के पैकेट पर बारकोड छापना होगा अनिवार्य

● केंद्र सरकार ने नकली दवाओं पर लगाम लगाने के लिए एक योजना तैयार की है। सरकार अब दवाओं के पैकेट पर बारकोड प्रिंट करना अनिवार्य करने जा रही है। सरकार इस प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है ताकि बारकोड स्कैन पर दवा कंपनी के विनिर्माण लाइसेंस और बैच नंबर जैसी जानकारी हासिल की जा सके। नकली दवाओं की समस्या से निपटने के लिए सरकार शुरुआती तौर पर 300 दवाओं के पैकेट पर बारकोड को अनिवार्य करेगी। सरकार बारकोड से संबंधित इस योजना की स्वीकृति के बाद ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक रूल्स, 1945 में संशोधन करेगी और इस नियम को मई 2023 से लागू करेगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जून 2022 में दवाओं के पैकेट पर बारकोड या क्यूआर कोड के जरिये असली या नकल दवा का पता लगाने संबंधी एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया था।

● जापान के योकोसूका की सागामी खाड़ी में इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू (अंतर्राष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास) शुरू हुआ है। इस फ्लीट रिव्यू में भारत, अमेरिका, कनाडा, न्यूजीलैंड, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया सहित 12 देशों के 18 युद्ध पोतों ने हिस्सा लिया। इस अभ्यास में अमेरिका और फ्रांस ने अपने युद्धक विमान भी भेजे हैं। इस अभ्यास में भारत की तरफ से आईएनएस शिवालिक और आईएनएस कामोर्टा ने हिस्सा लिया। उत्तर कोरिया की तरफ से बढ़ते परमाणु और मिसाइलों के खतरों के बीच दक्षिण कोरिया ने सात वर्षों में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय नौ सैन्य अभ्यास में भाग लिया है।

8 नवम्बर

भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को चेताया

● चीन में दो वर्ष बाद एक बार फिर विश्वविद्यालयों में मेडिकल की पढ़ाई के लिए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारी संख्या में भारतीय छात्र भी चीन के विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए रुचि दिखा रहे हैं। इसी बीच भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने इन छात्रों को आगाह किया है कि वह सोच-समझकर और पूरी जानकारी लेने के बाद ही चीन के विश्वविद्यालयों में प्रवेश लें। भारतीय छात्रों को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की तरफ से चीन में शिक्षा लेने वाले छात्रों के लिए जारी नये नियमों को भी संज्ञान में लाया गया है और इसी के अनुसार आगे फैसला लेने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार कम से कम 1300 भारतीय छात्रों को पढ़ाई के लिए वीजा जारी किया गया है।

● संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मिस्र में आयोजित जलवायु सम्मेलन

कॉप-27 में कहा कि जलवायु परिवर्तन से युद्ध के मुकाबले 3 गुना ज्यादा लोग प्रभावित हो रहे हैं, जो कि बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे मार्ग पर हैं, जो हमें जलवायु की दृष्टि से पतन की ओर ले जा रहा है। सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की ओर से प्रतिनिधि के रूप में जॉन कैरी शामिल हुए। कैरी ने कार्बन उत्सर्जन पर चिंता जताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र और बाकी देशों को ग्रीन हाउस उत्सर्जन को कम करने के लिए काम करने की जरूरत है।,

9 नवम्बर

पुनः उपयोग वाले प्रक्षेपण यान के लैंडिंग परीक्षण के लिए तैयार इसरो

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ ने

कहा कि इसरो कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में स्थित अंतरिक्ष परीक्षण रेंज से पुनः इस्तेमाल योग्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी प्रदर्शक (आरएलवी-टीडी) के पहले रनवे लैंडिंग परीक्षण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अभी हम मौसम पर नजर बनाए हुए हैं, मौसम अनुकूल होते ही यह परीक्षण किया जाएगा। इसरो के अनुसार हेलीकॉप्टर की मदद से से आरएलवी-टीडी को रनवे से तीन से पांच किलोमीटर की ऊंचाई पर ले जाकर क्षैतिज वेग के साथ छोड़ा जाएगा। छोड़े जाने के बाद आरएलवी उड़ान भरेगा तथा रनवे की तरफ आएगा और लैंडिंग गियर के साथ स्वतः उतरेगा। इस परीक्षण के लिए लैंडिंग गियर, हुक बीम असेंबली रडार अल्टीमीटर और सियुडोलाइट जैसी नई प्रणालियां विकसित की गई हैं।

● भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने जोधपुर में आयोजित भारत-फ्रांस द्विपक्षीय सैन्याभ्यास 'गरूड़-7' के दौरान कहा कि हमें अपनी रक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए चौथी और पांचवीं पीढ़ी के विमानों की पांच से छः स्क्वाड्रन की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमने सरकार को अपनी जरूरतों से अवगत करा दिया है। वायुसेना को सशक्त बनाने की प्रक्रिया जारी है। एयर चीफ मार्शल ने सैन्याभ्यास के दौरान राफेल सहित अलग-अलग विमानों में उड़ान भरी। इस दौरान एयरचीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने फ्रेंच एयर एंड स्पेस डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल स्टीफन विले से मुलाकात भी की।

10 नवम्बर

यूजीसी ने पीएचडी में दाखिला नियमों में बदवाल किया

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पीएचडी करने के नियमों में बदलाव किया है। यूजीसी ने दाखिला प्रक्रिया, अर्हता शर्तों और मूल्यांकन के संबंध में नई अधिसूचना जारी की है। पीएचडी के लिए नई श्रेणी - पार्ट टाइम पीएचडी जोड़ी है। इसके तहत वर्किंग प्रोफेशनल पार्ट टाइम पीएचडी कर सकेंगे। वर्किंग प्रोफेशनल को इसके लिए फुल टाइम पीएचडी की शर्तों को पूरा करना होगा। यूजीसी ने पीएचडी के लिए किसी रिसर्च जर्नल में पेपर प्रकाशित करने और कॉन्फ्रेंस में प्रजेंटेशन की शर्त खत्म कर दी है। यूजीसी ने कहा कि जिन उम्मीदवारों के पास चार वर्षीय डिग्री और कम से कम 7.5 सीजीपीए है, वह पीएचडी के लिए एडमिशन ले सकते हैं, इन्हें एक वर्षीय पीजी कोर्स करना जरूरी है। वहीं जिन छात्रों ने तीन वर्षीय स्नातक कोर्स किया है, उन्हें दो वर्षीय पीजी कोर्स करना जरूरी होगा।

● रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के विशेष सम्मेलन में सेना के शीर्ष

कमांडरों से कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए सेना को हमेशा तत्परता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश के सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठनों में से एक है। रक्षा मंत्री ने सैन्य तैयारियों और क्षमताओं के उच्च स्तर के लिए भी सैन्य बलों की सराहना की। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री ने सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा भविष्य में आने वाली चुनौतियों को लेकर मंथन भी किया।

11 नवम्बर

डिजिलॉकर से लिंक हो सकेगा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता

● डिजिलॉकर का इस्तेमाल कर रहे लोगों को पूरा हेल्थ रिकॉर्ड डिजिलॉकर में रखने

की सुविधा मिलेगी। साथ ही डिजिलॉकर को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता से जोड़ा जा सकेगा। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता धारकों को डिजिलॉकर पर इंटरनेट आधारित क्लाउड पर दस्तावेज उपलब्ध होंगे, जिनका इस्तेमाल किसी भी अस्पताल में जाकर कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक प्रमाणिक दस्तावेज विनिमय मंच के रूप में डिजिलॉकर लंबे समय से उपलब्ध है। अब यहां स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसे टीकाकरण सर्टिफिकेट, डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन, जांच रिपोर्ट और अस्पताल से डिस्चार्ज आदि रिकॉर्ड रखने के लिये डिजिलॉकर को स्वास्थ्य लॉकर के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

● मिस्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन में भारत ने पर्यावरण सुधार पर जोर देते हुये कहा कि पर्यावरण सुधार के लिये विकासशील देश विकसित देशों की ओर से वास्तविक सहयोग चाहते हैं। यह सहयोग पूर्व में निर्धारित 100 अरब डॉलर प्रति वर्ष होना चाहिये। इस सहयोग से पर्यावरण सुधार के निर्धारित लक्ष्यों तक पहुंचा जा सकेगा। भारत ने कहा कि सम्पन्न देशों को चाहिये कि वे वर्ष 2024 से पूर्व घोषित सहायता शुरू करें और संसाधन वितरित करें। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2009 में कोपेनहेगन में हुये पर्यावरण सम्मेलन में 15 विकसित देशों ने पर्यावरण सुधार के लिये विकासशील देशों को प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर की सहायता देने की घोषणा की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 46 14.11.2022 से 20.11.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

खाद वितरण व्यवस्था को सुचारु बनायें

खाद वितरण की ऐसी व्यवस्था करें कि कहीं भी खाद प्राप्त करने के लिये किसानों को लाइन न लगाना पड़े। उपलब्धता के बाद यह सुनिश्चित करें कि वितरण की व्यवस्था भी सही रहे। केंद्र सरकार से निरंतर आवंटन प्राप्त हो रहा है। खाद की कोई कमी नहीं है। वितरण का असंतुलन नहीं होना चाहिये। यह जानकारी भी किसानों तक पहुंचे। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। उन्होंने कहा कि खाद वितरण के सुचारु प्रबंध मैदान में दिखना चाहिये। कंट्रोल रूम से निगाह रखते हुये प्रतिदिन की जानकारी सामने लायी जाये। व्यवस्था में दोषी लोगों को जेल भेजने की कार्यवाही हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद वितरण के 262 अतिरिक्त काउंटर शुरू किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सुचारु रूप से खाद और उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल करते हुये व्यवस्थाओं को प्रभावी बनायें। समय पर वितरण के साथ ही सोशल मीडिया से किसानों को आंकड़ों सहित वास्तविक स्थिति की जानकारी जिला स्तर पर दी जाये। इसके लिये कलेक्टर्स आवश्यक व्यवस्थायें करें। मुख्यमंत्री ने बोवनी कार्य की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके परिश्रम की पूरी कीमत मिलनी चाहिये। विशेष रूप से मंडियों में आने वाले सब्जी उत्पादकों को बिचौलियों और व्यापारियों द्वारा अनुचित लाभ लेने से बचाने पर भी ध्यान दिया जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान भोपाल स्थित निवास कार्यालय में प्रदेश में खाद व्यवस्था की समीक्षा करने के दौरान उपरोक्त बातें कह रहे थे। बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा माह नवम्बर-2022 के लिये यूरिया का आवंटन 7 लाख मीट्रिक टन एवं डीएपी का आवंटन 1.94 लाख मीट्रिक टन दिया गया है। माह नवम्बर-2022 के लिये 4.15 लाख मीट्रिक टन आयातित यूरिया का आवंटन दिया गया है, जिसके विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा 60 हजार मीट्रिक टन का आवंटन दिया गया है। बताया गया कि गत वर्ष 30 नवम्बर 2021 तक विक्रय मात्रा के अनुसार अनुमान के आधार पर दिनांक 4 नवम्बर, 2022 तक यूरिया 32 जिलों में, डीएपी 41 जिलों में, एमपीके 34 जिलों में और डीएएपी + एमपीके का 42 जिलों में भंडारण कर लिया गया है। विपणन संघ ने माह नवम्बर के लिये 175 यूरिया के रैक और 78 रैक डीएपी की मांग की है, जिसके विरुद्ध 1 नवम्बर से 4 नवम्बर-2022 तक 23 यूरिया के रैक और 15 डीएपी की रैक ट्रांजिट सहित मिल चुकी है। विपणन संघ के 240 डबल लॉक केंद्र से नगद वितरण प्रारंभ हो चुका है। भीड़ वाले डबल केंद्रों पर अतिरिक्त केंद्र स्वीकृत किये गये हैं। बताया गया कि प्रदेश में मार्केटिंग समितियों के 105 विक्रय केंद्र प्रारंभ हैं। विपणन संघ के डबल लॉक केंद्रों से 1 अक्टूबर से अभी तक 68 हजार मीट्रिक टन यूरिया और 61 हजार मीट्रिक टन डीएपी को बेचा जा चुका है। माह अक्टूबर-2022 का यूरिया का आवंटन 6 लाख मीट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध 3.64 लाख मीट्रिक टन यूरिया ट्रांजिट सहित प्राप्त हुआ है। डीएपी का अक्टूबर-2022 के लिये आवंटन 4 लाख मीट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध 2.65 लाख मीट्रिक टन ट्रांजिट सहित प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों के लिये हर वर्ष खाद वितरण की सुनिश्चित व्यवस्था करती है, ताकि प्रदेश के किसानों को उचित समय पर उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके।

विटामिन 'डी' की कमी बढ़ा सकती है मौत का खतरा

किसी विटामिन की कमी से मौत का खतरा बढ़ सकता है। यह बात सुनने में जरा अटपटी लगती है, क्योंकि आमतौर पर यह माना जाता है कि किसी विटामिन की कमी से शारीरिक तकलीफ तो हो सकती है, लेकिन इससे मौत का खतरा बढ़ जाये ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं माना जाता था। आप यह जान लें कि विटामिन 'डी' शरीर के लिये बेहद आवश्यक है। ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने अपनी खोज में बताया है कि विटामिन 'डी' की कमी से कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। वहीं यह कमी समय से पहले मौत का कारण भी बन रही है। ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं का मानना है कि विटामिन डी की कमी के कारण दुनियाभर में मृत्यु दर का जोखिम लगातार बढ़ रहा है। चिन्ता की बात यह है कि ज्यादातर लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं होती। अध्ययन के लेखक ने कहा कि शोध के जरिये हमें यह पता करना था कि क्या उच्च विटामिन 'डी' की स्थिति समय से पहले मृत्यु दर के जोखिम को कम कर सकती है। इसके लिये यूके बॉयो बैंक के तीन लाख से अधिक वयस्कों पर शोध किया गया। अध्ययन में सामने आया कि विटामिन 'डी' के स्तर और उसकी वजह से होने वाली मौतों पर भी शोध किया। इससे पता चला कि विटामिन 'डी' की कमी होने से मृत्यु दर में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार, स्वस्थ वयस्कों के लिये विटामिन 'डी' की औसत अनुशंसित मात्रा प्रतिदिन 600 अंतर्राष्ट्रीय इकाइयां हैं। 71 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों को प्रतिदिन 800 आईयू प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिये। इसके अलावा धूप से भी विटामिन 'डी' बढ़ाई जा सकती है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व विज्ञान दिवस | **10 नवम्बर**

विश्व शांति और विकास में महत्वपूर्ण होती है विज्ञान की भूमिका

विश्व शांति की कामना और विश्व के समग्र विकास के संकल्प के साथ समूचा विश्व प्रति वर्ष दस नवम्बर को 'विश्व विज्ञान दिवस' मनाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज में विज्ञान की भूमिका को रेखांकित करना और इसके द्वारा जनसामान्य के जीवन में विज्ञान के प्रभाव को प्रदर्शित करना है। विश्व विज्ञान दिवस के आयोजन की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा की गई थी। शांति एवं विकास कार्यों में विज्ञान के योगदान को पारिभाषित करने और इस सन्दर्भ में विज्ञान के महत्व को दर्शाने के लिये इस दिन गंभीर विचार-विमर्श होता है। वर्ष 1999 में हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में दस नवम्बर को संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद और यूनेस्को द्वारा विज्ञान पर विश्व सम्मेलन का आयोजन किया गया था, विश्व विज्ञान दिवस उसी सम्मेलन के अनुसरण में मनाया जाता है। यूनेस्को द्वारा इस दिवस की स्थापना वर्ष 2001 में की गई थी और वर्ष 2002 से प्रति वर्ष विश्व के लगभग सभी देशों में विज्ञान के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसे मनाया जाता है। विश्व में विज्ञान के माध्यम से मानव जाति के कल्याण का सूत्रपात किये जाने के लिये यह यूनेस्को का एक अनूठा प्रयास था। जिसे विश्व के लगभग सभी देशों का समर्थन मिला। इस दिन विज्ञान के सृजनात्मक पक्ष को अपनाने का संकल्प लिया जाता है, जिससे मानव जाति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो।

विकास में विज्ञान की भूमिका की इस दिन पड़ताल की जाती है

विश्व विज्ञान दिवस विश्व के शांतिपूर्ण और सतत् विकास में विज्ञान की भूमिका की गहन पड़ताल का दिन भी होता है। इस दिन समाज के कल्याण के लिए विज्ञान के उपयोग के लिए प्रतिबद्धता को भी दोहराया जाता है। इस समय विज्ञान के समक्ष जो चुनौतियां हैं, उनकी ओर ध्यान आकर्षित करना और विश्व में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास में योगदान पर चर्चा करना भी होता है। इस दिवस के आयोजन का एक बड़ा उद्देश्य विश्व में सामान्य नागरिकों तक विज्ञान के विकास की जानकारी पहुंचाना भी है। जिससे वे रोजमर्रा की जिंदगी में विज्ञान के महत्व को समझ सकें। हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं उसकी भी हमें सीमित जानकारी है। विश्व विज्ञान दिवस पर पृथ्वी की समझ को व्यापक बनाने और सतत् विकास के लिये वैज्ञानिकों की अहम् भूमिका को पारिभाषित करने पर भी इस दिन विमर्श किया जाता है। वस्तुतः सतत् विकास की अवधारणा बिना विज्ञान के सम्भव ही नहीं है। असल में विश्व शांति और सतत् वैश्विक विकास अन्योन्याश्रित लक्ष्य है और विज्ञान के माध्यम से इन दोनों लक्ष्यों को पाना ही आज के समय की सबसे प्रमुख जरूरत है और विश्व विज्ञान दिवस पर इसी प्रक्रिया पर गहन विचार-विमर्श होता है। विज्ञान एक अध्येय विषय के रूप में जितना जरूरी है उससे ज्यादा जरूरी है जनसामान्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास। विश्व विज्ञान दिवस पर इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास पर बात होती है।

दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता भी रेखांकित होती है

विश्व विज्ञान दिवस पर विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया जाता है। इस आयोजन का लक्ष्य समाज और विज्ञान के बीच की दूरी मिटाने और वैज्ञानिक आविष्कारों के महत्व को स्थापित करना है। समूचे विश्व में शासकीय और गैर शासकीय संस्थाएं,

वैज्ञानिक शोध संगठन, व्यावसायिक संघ, मीडिया, स्थानीय स्वशासी संस्थाएं यथा नगर निगम-नगरपालिकाएं, विज्ञान के शिक्षक और सभी विद्यालय इस दिन को पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। यह दिन हर वर्ष हमें हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में सम्पन्न विश्व विज्ञान सम्मेलन में घोषित उद्देश्य, विज्ञान संबंधी घोषणा और वैज्ञानिक ज्ञान के उपयोग को प्राप्त करने तथा सम्मेलन की वैज्ञानिक कार्यसूची में शामिल संस्तुतियों के एक ढांचे (फ्रेमवर्क) पर काम करने का अवसर देता है। यूनेस्को विश्व विज्ञान दिवस पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करता है। विज्ञान को लोकप्रियता दिलाने और विभिन्न समसामयिक समस्याओं जैसे - प्रबंधन, ताजा पानी और जैविक विविधता की सुरक्षा जैसे विषयों पर बात करने के लिए यूनेस्को द्वारा एक त्रैमासिक पत्रिका- 'अ वर्ल्ड ऑफ साइंस' भी प्रकाशित की जाती है। यूनेस्को का यह प्रयास इस मामले में भी सराहनीय है कि इससे विज्ञान की जनप्रियता को बढ़ाने की राह खुलती है। यूनेस्को की यह पहल जनप्रियता को एक नया आयाम देती है।

विश्व विज्ञान दिवस की थीम में अन्तर्निहित होता है सार

विश्व विज्ञान दिवस पर हर साल जो एक थीम तय की जाती है उसमें लक्ष्य का सार अन्तर्निहित होता है। वर्ष 2021 में विश्व विज्ञान दिवस का विषय- 'जलवायु के लिए तैयार समुदायों का निर्माण' था। जलवायु परिवर्तन पृथ्वी पर अरबों लोगों के जीवन के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसलिए, गत वर्ष 'जलवायु के लिए तैयार समुदायों का निर्माण' पर समूचा विमर्श केंद्रित था। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार द्वारा प्रदान किए गए कुछ प्रमुख वैज्ञानिक पहलुओं और संभावित समाधानों पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता गत वर्ष इस दिन प्रतिपादित की गई थी। वर्ष 2020 में कोविड महामारी के दौर में इस दिवस की थीम- 'वैश्विक महामारी से निपटने के लिए विज्ञान और समाज के साथ' थी जबकि वर्ष 2019 की थीम- 'ओपन साइन्स, कोई भी पीछे न रहे' रखी गई थी। वर्ष 2018 में विज्ञान और मानव अधिकार के सामंजस्य से जुड़ी थीम तय की गई थी- 'विज्ञान, एक मानव अधिकार' और सभी प्रतिभागी देशों ने इस सन्दर्भ को स्वीकार किया। विज्ञान की व्यापकता के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2017 की थीम थी- 'वैश्विक समझ के लिए विज्ञान।'

कोरोना संक्रमण में विज्ञान का नया प्रारूप नजर आया

कोरोना संक्रमणकाल में विज्ञान के नये और पुरअसर प्रारूप पर भी गत दिनों एक चर्चा-परिचर्चा श्रृंखला (डिस्कोर्स सीरीज) में एक प्रभावी टिप्पणी की गई। केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी) की स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने पर आयोजित उस परिचर्चा में - 'महामारी के इतर पहलू' (द अदर साइड ऑफ पैनडैमिक) पर चर्चा करते हुए विभाग के सचिव आशुतोष शर्मा ने बताया कि कोविड-19 महामारीकाल में घर से बाहर निकलते समय हम इससे क्या सीख ले रहे हैं, इसे समझना जरूरी है। इसके अलावा, अब हमारे सामने कई चुनौतियां भी हैं। कोरोना वायरस के विभिन्न रूप और इसकी भयावहता से चिकित्सा विज्ञान को नये संकट से रूबरू करवाया। चिकित्सकों के सामने प्रचलित उपचार पद्धति को परिमार्जित करने की जरूरत सामने आई और उन्होंने ऐसा ही किया भी। वैज्ञानिकों ने अथक मेहनत कर वैक्सीन बनाई। जब हम चुनौतियों की बात करते हैं तो हमारे सामने नए अवसर भी आते हैं और ऐसे अवसर विज्ञान से जुड़े हुए अलग-अलग क्षेत्रों में हमारी बेहतरी की मिसाल बन सकते हैं और इस संक्रमणकाल से हमने काफी कुछ सीखा है और हम आगे भी विज्ञान के नए और पुरअसर प्रारूप देखने में भी सक्षम होंगे। यह भी कहा कि आगे चलकर विज्ञान के जो नए प्रारूप सामने आयेंगे वह बेहद प्रभावी होंगे। यह भी कहा गया कि साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के लिए 'इनोवेशन चेन' (नवोन्मेष श्रृंखला) की जरूरत होती है, जिसमें इनोवेशन इकोसिस्टम (नवोन्मेष पारिस्थितिक तंत्र) के कई आयाम शामिल होते हैं। विज्ञान को भविष्य के लिए तैयार रहने के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्रों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ बढ़ाने की कोशिश भी करनी होगी। कोरोना से अभी विश्व सौ फीसदी मुक्त नहीं है मगर विज्ञान की सहायता से इस लक्ष्य को भी पाया जा सकेगा।

विश्व विज्ञान दिवस पर हो वैज्ञानिक सोच पर विमर्श

विज्ञान की आधार भूमि आविष्कार से तैयार होती है और आविष्कार तभी सम्भव होते हैं, जब विज्ञान के अध्येताओं का वैज्ञानिक दृष्टिकोण हो और उनकी सोच शोधपरक हो। विज्ञान के सामाजिक सरोकारों का लाभ प्राप्त करने के लिए जिस एक वैज्ञानिक सोच को विकसित करने की जरूरत होती है उस पर गहन विमर्श विज्ञान दिवस पर बेहद जरूरी है।

हमारे आस-पास कई नई चीजें हैं, जिन्हें हम विज्ञान की मदद से मानव मात्र के लिए उपयोगी बना सकते हैं। प्रकृति हमारे बेहद करीब है और प्राकृतिक संसाधन हमारे विकास के लिए उपलब्ध हैं और जरूरत है तो इन संसाधनों को विज्ञान की सहायता से विकास का संवाहक बनाने की। प्रकृति और विज्ञान के गठजोड़ से विश्व को कई नई चीजें मिली हैं, जिसने वैश्विक स्तर पर प्रगति का एक नया आयाम गढ़ा है। विज्ञान और प्रकृति हमेशा से एक दूसरे के पूरक रहे हैं। विज्ञान और प्रकृति की मदद से समाज की बेहतरी का एक नया अध्याय लिखा है। विश्व विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक आविष्कारों के लिए विभिन्न वैज्ञानिकों की शोधवृत्ति पर भी विमर्श होना चाहिए और विश्व के सभी देशों में विज्ञान के शिक्षण की जो शिक्षा नीति बनाई जाती है उसमें आविष्कार करने वाले वैज्ञानिकों के सोच और उनकी वैज्ञानिक दृष्टि को भी समझा जाना चाहिए ।

भारत में भी मनाया जाता है राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

विश्व विज्ञान दिवस की तर्ज पर ही भारत में भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरुकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में हर साल 28 फरवरी को भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1928 में अट्ठाइस फरवरी को सर सी.वी. रमन ने अपनी खोज की घोषणा की थी। इसी खोज के लिये उन्हे 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा–2021, परीक्षा दिनांक 03.07.2022 (रविवार)

परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्रमांक 9138/21/2022/अनु.-10 **इन्दौर, दिनांक : 04.11.2022**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2021 हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

(01) विज्ञापन क्रमांक - 16/2021/30.12.2021 ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 01.03.2022।

(A) विज्ञापन क्रमांक 16/2020, दिनांक 30.12.2021 (संक्षिप्त विज्ञप्ति में टंकण त्रुटि सुधार दिनांक 24.02.2022)।

(B) शुद्धि पत्र क्रमांक 01/16/2021, दिनांक 30.03.2022 (नवीन पद संयोजन, ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करने तथा परीक्षा आयोजन की सूचना के संबंध में)।

(C) शुद्धि पत्र क्रमांक 02/16/2021, दिनांक 04.04.2022, (राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2021, विद्युत इंजीनियरिंग की पात्रता श्रेणी के संबंध में सूचना)।

(D) सूचना पत्र क्रमांक 02/05/2021, दिनांक 13.04.2022 (परीक्षा आयोजन की सूचना)।

(E) शुद्धि पत्र क्रमांक 03/16/2021, दिनांक 07.05.2022 (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा में वृद्धि एवं ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करने की सूचना)।

(F) विज्ञप्ति क्रमांक 1559/पेड/2022/प.नि., दिनांक 12.05.2022 (परीक्षा आयोजन के संबंध में सूचना)

(G) सूचना पत्र क्रमांक 04/16/2021 एवं 01/01/2022, दिनांक 18.04.2022 (परीक्षा स्थगन की सूचना)।

(H) सूचना पत्र क्रमांक 05/16/2021, दिनांक 20.05.2022 (परीक्षा स्थगन तथा ऑनलाइन आवेदन की सुविधा पुनः प्रारंभ करने की सूचना)।

(I) शुद्धि पत्र क्रमांक 06/16/2021, दिनांक 24.05.2022 (परीक्षा आयोजन की सूचना)।

(J) विज्ञप्ति क्रमांक 4030/पेड/2022/प.नि., दिनांक 27.06.2022।

02/ उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2021 प्रदेश के 04 जिला मुख्यालयों इंदौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर के केन्द्रों पर दिनांक 03.07.2022 (रविवार) को एक सत्र में दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक आयोजित की गई थी।

03/ उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है:-

सहायक यंत्री सिविल (CIVIL ENGG.)

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				कुल पदों की संख्या
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD	
1	सहायक यंत्री सिविल	116	60	123	106	41	38	21	41	35	15	8	3	13	3	446

Abbreviations: **UR-** Unreserved, **SC-** Scheduled Caste, **ST-** Scheduled Tribe, **OBC-** Other Backward Classes, **EWS-** Economically Weaker Sections, **OH-** Orthopedic Handicapped, **VH-** Visual Handicapped, HH- Hearing Handicapped, **MD-** Multiple Disability

सहायक यंत्री विद्युत (ELECTRICAL ENGG.)

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				कुल पदों की संख्या
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD	
1	सहायक यंत्री विद्युत	10	5	7	11	3	3	1	2	4	1	-	1	-	1	36*

Abbreviations: **UR-** Unreserved, **SC-** Scheduled Caste, **ST-** Scheduled Tribe, **OBC-** Other Backward Classes, **EWS-** Economically Weaker Sections, **OH-** Orthopedic Handicapped, **VH-** Visual Handicapped, HH- Hearing Handicapped, **MD-** Multiple Disability

सहायक यंत्री यांत्रिकी (MECHANICAL ENGG.)

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				कुल पदों की संख्या
		UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD	
1	सहायक यंत्री यांत्रिकी	5	1	3	2	-	2	-	1	1	-	-	-	1	-	11*

Abbreviations: **UR-** Unreserved, **SC-** Scheduled Caste, **ST-** Scheduled Tribe, **OBC-** Other Backward Classes, **EWS-** Economically Weaker Sections, **OH-** Orthopedic Handicapped, **VH-** Visual Handicapped, HH- Hearing Handicapped, **MD-** Multiple Disability

* सहायक यंत्री, जल संसाधन विभाग के कुल 06 पदों की शैक्षणिक अर्हता विद्युत/यांत्रिकी विषय में होने के कारण दोनों ही विषयों के पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित संख्या अनुसार साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह घोषित किया गया है।

04. राज्य सेवा परीक्षा 2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के "पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022" के प्रकाश में आयोग द्वारा अपनी बैठक में दिनांक 29.09.2022 के निर्णय क्र.-26 में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए राज्य सेवा एवं अन्य भर्ती परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया:-

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जाए :-

1. सर्वप्रथम सभी विज्ञापनों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वर्तमान विज्ञापित पदों को 27 प्रतिशत मान्य करते हुए उन्हें 14 प्रतिशत मुख्य भाग हेतु एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग हेतु गणना कर पृथक-पृथक किया जाए। साथ ही समस्त विभागों से 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के विज्ञापित पदों का विभाजित विवरण मांग लिया जाए।
2. उपरोक्त विभाजित 14 प्रतिशत पदों को अन्य वर्गों हेतु विज्ञापित पदों में जोड़कर कुल विज्ञापित पदों के 87 प्रतिशत पदों को मुख्य भाग लेकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए।
3. उपरोक्त (1) की गणना के अनुसार प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 13 प्रतिशत पदों के लिए अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लेकर विज्ञापित पद संख्या के आधार पर प्रावधिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शार्टलिस्टेड) प्रावधिक अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
4. समस्त चयन प्रक्रियाओं में साक्षात्कार आयोजन के समय तक संबंधित विभागों से सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र के संदर्भ में पुनरीक्षित अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विभाजित पद विवरण सहित सभी पदों का विज्ञापित पद विवरण अनिवार्यतः मांग लिया जाए। विभागों से पुनरीक्षित पद विवरण प्राप्त होने के उपरांत विज्ञापित पदों के मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के पदों की विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
5. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का वचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।
6. साक्षात्कार के उपरांत माननीय न्यायालय को वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए अंतिम परीक्षा परिणाम जारी करने के पूर्व पूर्वानुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए।
7. तत्पश्चात् मुख्य भाग (87 प्रतिशत) का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर अनुशंसा संबंधित विभागों को प्रेषित की जाए।
8. प्रावधिक भाग का अंतिम चयन परिणाम दोनों वर्गों (अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए तैयार कर दो पृथक-पृथक सीलवंद लिफाफों में रख दिया जाए। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के पश्चात् जिस भी वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय होता है वह लिफाफा खोलकर चयन परिणाम घोषित कर विभागों को अनुशंसा प्रेषित की जाए।
9. सभी लंबित लिखित परीक्षाओं/साक्षात्कार होने वाले या सम्पन्न हो चुके भर्ती परीक्षाओं के परिणाम यथाशीघ्र घोषित किए जाएं।
10. उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करने के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र का उल्लेख करते हुए परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया से संबंधित विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
11. समस्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।

उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करते हुए राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2021 में सहायक यंत्री सिविल, सहायक यंत्री विद्युत, सहायक यंत्री यांत्रिकी का परीक्षा परिणाम निम्नानुसार घोषित किया जाता है-

I. सहायक यंत्री सिविल (CIVIL ENGG.)

05/ राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2021 में सहायक यंत्री सिविल का परीक्षा परिणाम निम्नानुसार दो भागों में है-(अ) मुख्य भाग (87 प्रतिशत) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु रखे जाने हैं)। तद्नुसार अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद-106 हैं जिसका मुख्य भाग में 14 प्रतिशत के मान से 55 पद तथा प्रावधिक भाग में 13 प्रतिशत के मान से 51 पद लिया गया है।

मुख्य भाग-अ के लिए राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2021 सहायक यंत्री सिविल हेतु उपरोक्त पदों के 03 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है:-

सहायक यंत्री सिविल मुख्य भाग-अ

श्रेणी	03 गुना + समान अंक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	474	दृष्टिबाधित (VH) - 3
अनुसूचित जाति (SC)	227	श्रवणबाधित (HH) - 7
अनुसूचित जनजाति (ST)	380	अस्थिबाधित (OH) - 19
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	229	बहुविकलांग (MD) - 1
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	156	
कुल	**1466**	**कुल-30**

राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2021 सहायक यंत्री सिविल के परीक्षा परिणाम में मुख्य भाग-अ के लिए प्रावधिक रूप से साक्षात्कार हेतु अर्ह पाए गए कुल-1466 आवेदकों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE ENGINEERING SERVICE EXAMINATION 2021 PART A (MAIN)
ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES QUALIFIED FOR INTERVIEW

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100009	41.	100470	81.	101015	121.	101448
2.	100012	42.	100479	82.	101024	122.	101469
3.	100019	43.	100505	83.	101033	123.	101478
संचालक श्री धनराजू एस ने बताया कि राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर किन्तु प्रतिभाशाली छात्रों का चयन कर छात्रवृति प्रदान करना है। इस परीक्षा के लिए म.प्र. राज्य में स्थित केवल शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त अथवा स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में कक्षा 8वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी ही पात्र होते हैं, जिन्होंने कक्षा 7वीं में कम से कम सी ग्रेड प्राप्त किया है। छात्र-छात्राओं के अभिभावक की वार्षिक आय 3.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। छात्रवृति के लिए मध्यप्रदेश राज्य के लिए शिक्षा मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा 6,446 छात्रों का कोटा निर्धारित है। इसमें चयनित छात्रों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष के मान से छात्रवृत्ति प्राप्त होती है।

किसान अन्नदाता के साथ अब ऊर्जादाता भी बनेगा - श्री गडकरी

मध्यप्रदेश सरकार सड़कों का जाल बिछाने के लिए लगातार प्रयासरत - मुख्यमंत्री

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंडला में सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुये।

मंडला, मध्यप्रदेश में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश को निरंतर कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। अब मध्यप्रदेश कृषि उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। किसान अन्नदाता के साथ अब ऊर्जादाता भी बनेगा। ये बातें केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने मंडला में मंडला और डिंडोरी जिले के लिए 1261 करोड़ रुपये लागत की 5 सड़क परियोजना का शिलान्यास करते हुये कहीं। श्री गडकरी ने कहा कि मंडला में प्रकृति का निवास है, यह रानी दुर्गावती की भूमि है तथा यहां कान्हा जैसा विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने देशभर में ऊर्जा के क्षेत्र में परिवहन मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई नई परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मध्यप्रदेश में परिवहन के क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि मंडला, डिंडोरी एवं अन्य जनजातीय क्षेत्रों में बांस के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है। बांस से भविष्य में इथेनॉल का निर्माण होगा, जिससे परिवहन एवं अन्य क्षेत्रों के लिए ऊर्जा पैदा की जा सकेगी। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कान्हा-बालाघाट क्षेत्र में सड़क विकास के लिए नए प्रोजेक्ट को 'गति शक्ति योजना' में शामिल करने की बात कही।

नर्मदा एक्सप्रेस-वे पर अध्ययन जारी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी धार्मिक स्थानों तक पहुंचने के लिए लगातार बारह-मासी सड़कों का निर्माण जारी है। उन्होंने अमरकंटक से लेकर धार-झाबुआ तक नर्मदा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के संबंध में कहा कि इस मार्ग के निर्माण के लिए मंत्रालय द्वारा अध्ययन जारी है। इस मार्ग के विकास से नर्मदा प्रदक्षिणा करने वाले श्रद्धालुओं को निश्चित रूप से लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी भाषा में भी प्रारंभ करने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को सभी विद्यार्थियों की ओर से शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार चारों तरफ सड़कों के जाल बिछाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। श्री चौहान ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 3 लाख किलोमीटर से अधिक लंबाई की सड़कें बनाई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदा उद्गम से लेकर धार-झाबुआ तक 'नर्मदा एक्सप्रेस-वे' बनाने का प्रस्ताव है। 'नर्मदा एक्सप्रेस-वे' के दोनों ओर औद्योगिक क्षेत्र के विकास का प्रयास किया जाएगा, जहां स्थानीय उत्पादों पर आधारित उद्योग लगाए जाएंगे।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार विकास के कार्यों में कमी नहीं होने देगी। उन्होंने मंडला-डिंडोरी क्षेत्र में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सीएम जनसेवा अभियान में मंडला जिले में प्राप्त तथा स्वीकृत आवेदनों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल एक लाख 84 हजार 753 आवेदनों में से एक लाख 56 हजार 944 को स्वीकृत किया जा चुका है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कान्हा क्षेत्र को मुख्य सड़क मार्गों से जोड़ने तथा नर्मदा सौन्दर्यीकरण के लिए नए प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि पांच सड़क परियोजना का शिलान्यास महाकौशल क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का पल है। उन्होंने सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं सड़क परिवहन मंत्री श्री गडकरी का मंडला एवं डिंडोरी की जनता तथा स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की ओर से अभिनंदन किया। श्री कुलस्ते ने जबलपुर-नैनपुर बाईपास, कान्हा क्षेत्र को प्रमुख मार्गों से जोड़ने, नैनपुर-सिवनी हाईवे, मंडला-लखनादौन के लिए नई परियोजनाओं की स्वीकृति का आग्रह किया।

किसानों को आसानी से उपलब्ध हो खाद

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान खाद वितरण समस्या वाले जिलों के कलेक्टरों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, किसानों को आसानी से खाद मिले। वितरण केंद्र के पास टेंट, बैठक व्यवस्था और पेयजल का प्रबंध रहे। उपलब्धता के बावजूद वितरण व्यवस्था की किसी कमी के कारण किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसान को लाइन न लगानी पड़े, उसका समय और ऊर्जा जाया न हो, इसके लिए कलेक्टर्स पूरी व्यवस्था पर निगरानी रखें। प्रदेश में खाद की कमी नहीं है, न ही आने वाले समय में कमी रहेगी। हम नियमित रूप से केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री मनसुख मंडाविया से सम्पर्क में हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को सदैव आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध करवाने का कार्य किया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में खाद वितरण समस्या वाले जिलों के कलेक्टर्स से चर्चा के दौरान कहीं।

हरदा की व्यवस्थाओं की हुई चर्चा

बैठक में हरदा जिला में प्रशासन द्वारा खाद वितरण की बेहतर व्यवस्था पर चर्चा हुई। कलेक्टर हरदा ने बताया कि जिले में एक्स्ट्रा काउंटर व्यवस्था, विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय, वितरण केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के साथ ही डिफाल्टर किसान सहित सभी के लिए खाद के प्रबंध आवश्यतानुसार किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अन्य जिलों में ऐसे ही व्यवस्थित उपाय कर किसानों की शिकायत शून्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सतना, दमोह, सागर, छतरपुर, नीमच नर्मदापुरम्, देवास और इंदौर जिलों के कलेक्टर्स से खाद की उपलब्धता, वितरण केंद्र संख्या, वितरण व्यवस्था और इस माह की संभावित मांग के अनुरूप आपूर्ति के प्रबंध के संबंध में बातचीत कर निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के कलेक्टर्स को प्रमुख निर्देश

- किसी भी जिले में किसानों को लाइन न लगानी पड़े।
- जिलों में खाद वितरण सुचारु रहे, जहां आवश्यक हो विकेंद्रीकरण किया जाए।
- किसानों को अधिक दूरी से खाद लेने न आना पड़े।

श्रमिकों के बच्चों के लिये

'शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता' योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर

भोपाल, शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए 'शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता' योजना में मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी/चूना पत्थर एवं डोलोमाइट/लौह-मैग्जीन क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण-संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र/पुत्रियों को वित्तीय सहायता योजनान्तर्गत कक्षा एक से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति/गणवेश की राशि 1000 रुपये से अधिकतम 25000 रुपये तक दी जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र छात्र/छात्रायें नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (https:scholarships.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन (पोस्ट मैट्रिक हेतु) 30 नवम्बर 2022 तक कर सकते हैं।

नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने एवं पात्रता की जानकारी/शर्तें आनलाइन प्रदर्शित हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों को स्वच्छ प्रति में संलग्न किया जाए, जो कि पठनीय हों। आवेदन करने के पश्चात अपने अध्ययनरत शिक्षण संस्थान से सम्पर्क स्थापित कर अपने आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन करवा कर स्कॉलरशिप पोर्टल (https:scholarships.gov.in) के माध्यम से अग्रेषित करवायें। आवेदन के सत्यापन कराए जाने की जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की होगी। पोर्टल में प्रदर्शित अन्य विभागों द्वारा यदि छात्रवृत्ति के लिए अधिक राशि दी जाती है तो ऐसे आवेदक/आवेदिका संबंधित विभाग की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन करने संबंधी अन्य किसी भी प्रकार की समस्या के निदान के लिए जबलपुर मुख्यालय e-mail-Wcjab@mp.gov.in पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। साथ ही मध्यप्रदेश परिक्षेत्र में संचालित अपने नजदीकी औषधालय/चिकित्सालयों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/वैद्य प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं संस्थान द्वारा सत्यापित नहीं किए गए आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

कल्याण आयुक्त द्वारा सभी इंस्टिट्यूट नोडल ऑफिसर एवं शैक्षणिक संस्थान प्रमुखों से यह भी अपील की गई कि वे अपनी शैक्षणिक संस्थान में लंबित सभी आवेदनों को त्वरित सत्यापित करें एवं योजना के पात्र अधिक से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रवासी भारतीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे अनेक देशों के प्रवासी भारतीय

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये फ्रेंड्स ऑफ एमपी के सदस्यों से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश को 17वें प्रवासी भारतीय दिवस और सम्मेलन के आयोजन की जिम्मेदारी मिली है। विदेश मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से इंदौर में हो रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न देशों के प्रवासी भारतीयों, फ्रेंड्स ऑफ एमपी के सदस्यों और उद्योग व्यापार से जुड़े भारतीय मित्रों के सहयोग की जरूरत है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये फ्रेंड्स ऑफ एमपी के सदस्यों को प्रवासी भारतीय दिवस और सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुये कहीं। अनेक देशों में रह रहे भारतवंशियों ने मुख्यमंत्री से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए कहा कि वे सम्मेलन को सफल बनाने में पूरा सहयोग देंगे।

मध्यप्रदेश सरकार सम्मेलन के अवसर पर विभिन्न राष्ट्रों से द्विपक्षीय सहयोग पर भी वार्ता करेगी। प्रवासी भारतीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि गोयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली होंगे। यह सम्मेलन आठ से दस जनवरी तक इंदौर में होने जा रहा है। इसके बाद ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भी होगी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी इंदौर आने के लिए स्वीकृति दे चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस और सम्मेलन में अनेक बिजनेस लीडर आएंगे। नोबल पुरस्कार से पुरस्कृत व्यक्तित्व, प्रख्यात डॉक्टर, लेखक सहित विभिन्न हस्तियां भी आएंगी। मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में मालवा की विशिष्ट कला-संस्कृति का प्रदर्शन होगा। साथ ही चुनिंदा रीयल एस्टेट प्रोजेक्ट भी दिखाए जाएंगे।

श्री चौहान ने यूएसए, यूके, यूएई सहित विभिन्न देशों से जुड़े हुए फ्रेंड्स ऑफ एमपी के सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस संवाद से अभिभूत महसूस कर रहे हैं। आप लोगों का जो प्रेम इस देश और मध्यप्रदेश की माटी के लिए है, वो अद्भुत है। आपकी देश के प्रति भक्ति और सेवा की भावना की जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। जब-जब देश या मध्यप्रदेश को आपकी जरूरत हुई है आप दोनों बाहें फैला कर मदद के लिए आगे आए।

आमजन में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ायें

देवास, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अनुसूचित जनजाति और आमजन में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया है। राज्यपाल अनुसूचित जनजाति में होने वाली अनुवांशिक बीमारी सिकल सेल एनीमिया को दूर करने के लिये देवास जिले के पुंजापुरा में सिकल सेल एनीमिया स्वास्थ्य शिविर में जनता से रू-ब-रू हुए।

राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के निवारण के लिये प्रदेश में आमजन को जागरूक करने का भरसक प्रयत्न किया जा रहा है। उन्होंने पुंजापुरा में जनजाति के लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक होने और समाज के अन्य वर्गों के युवाओं से जनजातीय वर्ग को इस बीमारी से निजात दिलाने के लिये आवश्यक जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश के 14 अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। जिलों की रेडक्रॉस सोसायटी को उपचार के लिये ढाई-ढाई लाख रुपये की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि बीमारी से निजात पाने के लिये जरूरी है कि विवाह के पहले युवक-युवती अपने खून की जांच करा कर दोनों में बीमारी के लक्षण पाये जाने पर विवाह न कर संतान में इस अनुवांशिक बीमारी के प्रसार को रोकने की पहल करें। हर प्रकार के नशे से दूर रहें। बच्चों को शिक्षा से बेहतर भविष्य बनाने में अपना योगदान दें।

राज्यपाल ने पुंजापुरा के कन्या छात्रावास में बालिकाओं से मुलाकात की। उन्होंने बालिकाओं से देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल संबंधी सामान्य प्रश्न किये। बालिकाओं द्वारा सही उत्तर दिये जाने पर उन्हें उपहार भेंट किए। उन्होंने छात्रावास परिसर में आम का पौधा लगाया और सभी से पौध-रोपण की अपेक्षा की।

खुशबू के उपचार के दिये निर्देश

श्री पटेल ने आंगनवाड़ी केंद्र में नन्हें बच्चों को दुलार किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को, बच्चों को केंद्र में मां की तरह प्यार और दुलार कर स्नेहपूर्वक रखने निर्देश दिये। श्री पटेल ने बालिका खुशबू में कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई देने पर उसकी समुचित जांच और उपचार के निर्देश दिये। राज्यपाल ने आंगनवाड़ी केंद्र में कु. हर्षिता और कु. साक्षी को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण-पत्र भी वितरित किये।

बरझाई में ग्रामीणों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से किया संवाद

राज्यपाल ने देवास के ग्राम बरझाई में स्व-सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीणों से रू-ब-रू संवाद किया। उन्होंने जनता से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने महिलाओं से कहा कि परिवार की सुख-समृद्धि में उनका योगदान अमूल्य होता है। अपने बच्चों को पढ़ा-लिखाकर उनका भविष्य बेहतर बनाएं।

श्री पटेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित लोक-कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जन-प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि लोगों को जागरूक करें, जिससे योजनाओं का सभी पात्र व्यक्ति लाभ ले सकें।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

सी.एम. राइज योजना की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में जनजातीय कार्य विभाग की 23 सी.एम. राइज योजना के उच्चतर माध्यमिक शाला भवन निर्माण की 678 करोड़ 82 लाख 25 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार सी.एम. राइज योजना में 23 स्कूल भवन निर्माण कार्यों में से 11 कार्यों की निर्माण एजेन्सी परियोजना क्रियान्वयन इकाई, लोक निर्माण विभाग, 06 कार्यों की निर्माण एजेन्सी भवन विकास निगम तथा 06 कार्यों की निर्माण एजेन्सी मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एवं अधोसंरचना विकास निगम को बनाया गया है। साथ ही जनजातीय कार्य को वित्तीय वर्ष के पूंजीगत मद में प्रावधानित बजट से सी.एम. राइज योजना में निर्माण कार्यों को स्वीकृत किये जाने के लिए सूचकांक से मुक्त रखे जाने की अनुमति दी गई। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने रूसा परियोजना में दमोह, राजगढ़, बड़वानी, छतरपुर, गुना, खंडवा, सिंगरौली और विदिशा में एक-एक नवीन आदर्श स्नातक महाविद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्तावित 336 शैक्षणिक एवं 200 अशैक्षणिक, कुल 536 नवीन पद निर्माण, आवर्ती एवं अनावर्ती व्यय के लिए 12 हजार 658 लाख रुपये की स्वीकृति दी।
- मंत्रिपरिषद ने उचित मूल्य की दुकानों का खाद्यान्न पर कमीशन, परिवहन व्यय और पीओएस मशीन की अतिरिक्त कमीशन की राशि को बढ़ाने का निर्णय लिया। इसमें नगरीय क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों को खाद्यान्न वितरण पर कमीशन 70 से बढ़ा कर 90 रुपये प्रति क्विंटल, ग्रामीण क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों को 200 से अधिक राशनकार्ड होने एवं पूर्णकालिक विक्रेता होने पर 10 हजार 500 रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा।
- इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों को 200 से कम राशनकार्ड होने एवं पूर्णकालिक विक्रेता होने पर 6 हजार रुपये प्रतिमाह और ग्रामीण क्षेत्र की उचित मूल्य दुकान पर अंशकालिक विक्रेता होने पर 3 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। इसी प्रकार दुकानविहीन एक हजार 514 पंचायतों में नवीन दुकान खोलने पर खाद्यान्न में कमीशन 6 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा।
- खाद्यान्न के परिवहन, हैण्डलिंग मद में प्रति क्विंटल राशि 65 से बढ़ाकर 70 रुपये प्रति क्विंटल की गयी है। साथ ही उचित मूल्य दुकानों के पीओएस के लिए अतिरिक्त मार्जिन राशि 17 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ा कर 21 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। इन सभी पर राज्य सरकार द्वारा नियमित 50 प्रतिशत राशि के अतिरिक्त 52 करोड़ 20 लाख रुपये का प्रतिमाह व्यय किया जाएगा।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं में 'मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत' योजना लागू करने की अनुमति दी। इसमें उद्यम क्रांति योजना के प्रथम चरण में 888 बेरोज़गार युवाओं को बैंक ऋण से वाहन उपलब्ध कराया जायेगा। इससे लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं में आवंटित राशन सामग्री को प्रदाय केंद्र से उचित मूल्य दुकानों तक परिवहन कराया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद ने नरवाई जलाने की प्रथा को हत्सोहित करने, कृषि यंत्रीकरण को बढ़ाने और भूमि में नमी का संरक्षण करने के लिए 'फसल अवशेष प्रबंधन' योजना को संचालित करने का निर्णय लिया। योजना में उपयोगी शक्ति चलित कृषि यंत्रों को चिन्हित कर कृषकों द्वारा इन्हें क्रय करने पर अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। लघु, सीमान्त, महिला, एस.सी. और एस.टी. कृषकों को 50 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 40 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। योजना का क्रियान्वयन कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय करेगा।
- मंत्रिपरिषद ने ग्रामीण युवाओं को बैंक ऋण आधार पर कस्टम प्रोसेसिंग केंद्र स्थापना के लिए अनुदान सहायता उपलब्ध कराने के लिये नवीन योजना 'प्राथमिक प्रसंस्करण को प्रोत्साहन' को संचालित करने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के सुचारू संचालन के लिए 211 पदों के सेटअप को अनुमोदन दिया गया। इसमें पूर्व में स्वीकृत 198 पद की कार्योत्तर स्वीकृति एवं 13 नवीन पदों की स्वीकृति दी गई। निगम में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन-भत्ते एवं स्थापना व्यय के लिए प्रतिवर्ष 15 करोड़ रुपये का बजटीय अनुदान प्रथम 5 वर्षों के लिए दिये जाने की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद ने चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण और अनुरक्षण कार्य के लिए सिविल विंग के निर्माण का निर्णय लिया। सिविल विंग का मुख्यालय कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा में तथा 5 उप संभाग कार्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में स्थापित किये जायेंगे। इसके संचालन के लिए कुल 121 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। इस विंग द्वारा 10 करोड़ रुपये तक की लागत के नवीन निर्माण और भवनों के संधारण का कार्य किया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद ने 'रीवा हवाई पट्टी पर ATR-72 टाईप विमानों के परिचालन के लिए Visual Flight Rules (VFR) तथा Instrument Flight Rules (IFR) विकसित करने, वर्तमान हवाई पट्टी के विस्तार, विकास के लिए तहसील हुजूर में ग्राम उमरी की 1.948 हेक्टेयर, ग्राम चोरहटा की 7.199 हेक्टेयर, ग्राम चौरहटी की 5.391 हेक्टेयर और ग्राम अगडाल की 10.735 हेक्टेयर कुल 25.273 हेक्टेयर अर्थात 61.945 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को निःशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने राज्य शासन द्वारा उद्योग संवर्धन नीति 2010/2014 अंतर्गत वृहद श्रेणी के उद्योगों के लिए उद्योग निवेश संवर्धन सहायता/वैट सीएसटी प्रतिपूर्ति सहायता का प्रावधान किया है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए जारी शासनादेश 22 जून 2018 में उल्लेखित गणना सूत्र में 'विक्रय गणक' की गणना में विक्रय की गई वस्तु के मूल्य के आधार पर वास्तविक सहायता राशि का निर्धारण किया जाये, को स्पष्ट किए जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने इंदौर-उज्जैन मार्ग (लम्बाई 48.9 किलोमीटर) पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा चयनित एजेंसी के माध्यम से 26 सितम्बर 2034 तक उपभोक्ता शुल्क (टोल) संग्रहण किये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की। रियायत अनुबंध निरस्तीकरण के बाद सड़क विकास निगम द्वारा टोल लगाने की कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। इंदौर-उज्जैन मार्ग (लम्बाई 48.9 कि.मी.) पर दूरी आधारित मूल टोल दरें प्रभावी किये जाने की स्वीकृति गई। इंदौर-उज्जैन मार्ग पर निम्नानुसार वाहनों की श्रेणी को टोल से छूट जाने की स्वीकृति प्रदाय की गई, (1) भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश सरकार के समस्त यान सरकारी कर्तव्य (ड्यूटी) पर हो। (2) संसद के सदस्यों तथा विधानसभा के सदस्यों के यान। (3) भारतीय सेना के समस्त यान जब ड्यूटी पर हों। (4) एम्बुलेंस। (5) फायर बिग्रेड। (6) भारतीय डाक तथा तार विभाग के यान। (7) कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की जाने वाली ट्रैक्टर-ट्राली तथा बैलगाड़ियां। (8) ऑटो रिक्शा, दुपहिया वाहन। (9) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार। (10) भूतपूर्व सांसदों एवं विधायकों के एक यान।
- मंत्रिपरिषद ने जिला नर्मदापुरम् स्थित राजस्व विभाग की ट्रैक्टर स्कीम ओल्ड इटारसी वार्ड नं. 1, तहसील इटारसी की परिसम्पत्ति, जिसका खसरा क्रमांक 449/1 एवं 447/2/1 कुल क्षेत्रफल 8 हजार वर्गमीटर के निर्वर्तन हेतु एच-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि 11 करोड़ 91 लाख 11 हजार 121 रुपये की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने जिला ग्वालियर स्थित राजस्व विभाग की वार्ड क्र. 65, ग्राम वीरपुर के शीट क्र 630/2. भूमि परिसम्पत्ति कुल क्षेत्रफल 297.90 वर्गमीटर के निर्वर्तन के लिए एच-1 निविदाकार की उन्नतम निविदा राशि 77 लाख 93 हजार रुपये की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं एच-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सार्वजनिक सम्मान और पुरस्कार व्यक्ति को बेहतर योगदान के लिए प्रेरित करते हैं - राज्यपाल

मध्यप्रदेश के विकास के लिए मिलकर कदम बढ़ाएं – मुख्यमंत्री

भोपाल, सार्वजनिक सम्मान और पुरस्कार व्यक्ति को समाज में बेहतर योगदान के लिए प्रेरित करता है। उनका उत्साहवर्धन करता है। उन्होंने सभी सम्मानितों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे आगे भी वंचितों और पिछड़ों की मदद के लिए बेहतर कार्य करते रहेंगे। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि वे प्रदेश के 40 जिलों के दूरस्थ अंचलों का भ्रमण कर चुके हैं। भ्रमण के दौरान वे वंचित और पिछड़े वर्ग के साथ सीधा संवाद करते हैं। सरकार की योजनाओं से मिलने वाली हितग्राहियों की खुशी की अभिव्यक्ति को देख कर उन्हें गर्व और हर्ष का अनुभव होता है कि वे उस प्रदेश के राज्यपाल हैं, जिसकी सरकार पूरी ताकत से लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार द्वारा जन-कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी टीम को बधाई दी है। आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी सरकार इसी गति से कार्य करती रहेगी। श्री पटेल ने कहा कि सरकार की जनकल्याण की योजनाएं अंतिम कड़ी के व्यक्ति तक पहुंचाने में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्यपाल श्री पटेल ने राज्य के स्थापना दिवस पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि आयोजनों ने प्रदेश में उल्लास और उमंग का वातावरण बनाया है। राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में योगदान के लिए सम्मान और पुरस्कार की पहल प्रेरणादायी है।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कार वितरित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश को समृद्ध बनाने के लिए सभी मिलकर कदम बढ़ाएं, हम प्रदेश की बेहतरी का संकल्प लें और आम इंसान को राहत देते हुए विकास के नए प्रतिमान स्थापित करें। विकास और शांति में खलल डालने वालों को छोड़ेंगे नहीं, नेस्तनाबूत करेंगे। वहीं अच्छा कार्य करने वाले निरंतर प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश अनेक क्षेत्र में देश में अव्वल है। यह क्रम आगे भी बना रहेगा।

मुख्यमंत्री ने सिंचाई के रकबे में वृद्धि, प्रति व्यक्ति आय बढ़ने और प्रदेश की अन्य प्रमुख उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार और अन्य पुरस्कार देने का विचार काफी समय से मन में था जिसे आकार दिया गया है। यह सम्मान कार्य करने वालों के प्रति सामाजिक स्वीकृति है। यह सिर्फ प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि उनके परिश्रम का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्कृष्टता और नवाचारों को सदैव प्रोत्साहित किया जाएगा। विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान करने का उद्देश्य यही है कि अच्छा कार्य करने वाले और नहीं करने वाले एक समान न समझे जाएं। उत्कृष्टता का सम्मान हो। पर्यावरण के क्षेत्र में, बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अन्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले आज पुरस्कृत हुए हैं। श्री चौहान ने आह्वान किया कि आज बिजली बचाने, पानी बचाने, नशा मुक्ति, पर्यावरण के संरक्षण, बेटियों की सुरक्षा और सम्मान बढ़ाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। मध्यप्रदेश को समृद्ध और गौरवशाली बनाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत के संकल्प को भी पूर्ण करें। मध्यप्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में नंबर वन रहे, इसके लिए सभी सहयोग प्रदान करें।

श्री चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उत्सव समारोह के समापन के अवसर पर प्रदेश में लगभग आठ हजार लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों में, जिनमें सामाजिक संगठन, बेहतर काम करने वाले कर्मचारी-अधिकारी, खिलाड़ी को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश अद्भुत है। वन-सम्पदा, जल-सम्पदा, जन सम्पदा, कल-कल बहने वाली गंगा मैया की तरह नदियां, श्री महाकाल महालोक, ओंकारेश्वर, ओरछा में रामलला, मैहर में शारदा मैया, सलकनपुर वाली मैया, तीन-तीन वर्ल्ड हेरीटेज, चित्रकूट, सांची, मण्डलेश्वर, भीमबैठका प्रदेश की धरोहर हैं। मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट, लेपर्ड स्टेट, चीता स्टेट और गिद्ध स्टेट है। दुनियाभर के प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। यहां की वाइल्ड लाइफ अद्भुत और अभूतपूर्व है। अनेक विशेषताओं से भरा हुआ हमारा मध्यप्रदेश है। सचमुच में इस मध्यप्रदेश पर हमको गर्व है। प्रदेश अब तेजी से प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं और राज्य सरकार की योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़कर उन्हें लाभान्वित करने का महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। प्रदेश में 88 लाख नाम योजनाओं के लिए सामने आए हैं। पंचायतों से लेकर वार्डों तक शिविर लगें। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मंत्रिगण, अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी भी बधाई के पात्र हैं। इन्हें एक दिन स्वीकृति पत्र प्रदान करने का कार्य किया जाएगा।

पुरस्कृत संस्थाएं और व्यक्ति

मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक नवम्बर से आरंभ मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम श्रृंखला अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में भारत सरकार से वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के प्राप्तकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और नवाचार के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार तथा विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय कार्य के लिए संस्थाओं को मध्यप्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किए गए।

गंभीर अपराध के अपराधियों को मिल रहा है कठोरतम दंड

भोपाल, मध्यप्रदेश में अपराधों पर पुख्ता नियंत्रण के उद्देश्य से वर्ष 2008 से चिन्हित अपराध पर कार्रवाई की नियमित समीक्षा का कार्य शुरू हुआ है, जिसके अंतर्गत चिन्हित अपराधों की श्रेणी में शामिल अपराध में उल्लेखनीय कमी लाने के साथ ही इन अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों को कठोरतम दंड देने का कार्य हो रहा है। चिन्हित अपराधों की श्रेणी इसलिए बनाई गई है, जिससे अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई हो सके और उनमें भय का वातावरण व्याप्त हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में चिन्हित अपराध योजना के संबंध में गृह विभाग का प्रजेंटेशन देखने और समीक्षा के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री को बैठक में चिन्हित अपराध योजना के अब तक के परिणाम, वर्तमान स्थिति, महत्वपूर्ण उपलब्धियों, विभिन्न जिलों की स्थिति और भविष्य की कार्य-योजना के संबंध में प्रजेंटेशन से जानकारी प्रदान की गई।

समितियां करती हैं मासिक समीक्षा

प्रजेंटेशन में बताया गया कि चिन्हित अपराधों की समीक्षा के लिए जिला, संभाग और राज्य स्तर पर समितियों का गठन किया गया है, जिसकी प्रत्येक माह समय-समय पर समीक्षा की जाती है। जिला स्तर पर कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक, जिला अभियोजन अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता, संभाग स्तर पर संभाग आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक और राज्य स्तर पर अपर मुख्य सचिव, गृह की अध्यक्षता में पुलिस महानिदेशक/अति. पुलिस महानिदेशक-अपराध अंवेषण और विवेचना एवं प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव/विधि एवं विधायी कार्य विभाग और संचालक लोक अभियोजन की सदस्यता वाली समिति की बैठक की जाती है।

अव्वल पांच जिले

मुख्यमंत्री को प्रजेंटेशन के माध्यम से चिन्हित प्रकरणों और दोष सिद्ध प्रकरणों से भी अवगत कराया गया। बैठक में प्रजेंटेशन से मुख्यमंत्री श्री चौहान को वर्ष 2008 से वर्ष 2022 (30 सितंबर) तक प्रदेश में चिन्हित अपराधों के मामले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले और सुधार की आवश्यकता वाले जिलों की स्थिति के बारे में भी अवगत कराया गया। बताया गया कि वर्ष 2020-22 में महिला संबंधित चिन्हित अपराधों में 2 मृत्यु दंड, 187 आजीवन कारावास, 137 अन्य कठोर कारावास से अपराधी दंडित किए गए है। चिन्हित पर कार्यवाही की दृष्टि से खरगोन, बालाघाट, खण्डवा, मण्डला और झाबुआ जिले अच्छे प्रदर्शन की श्रेणी में शामिल हैं।

इन्हें दिया गया है चिन्हित अपराध का दर्जा

हत्या के वीभत्स प्रकरण, सामूहिक हत्याकांड, हत्या के साथ डकैती, सामूहिक बलात्कार, आतंकवादी कृत्य, अपहरण के साथ हत्या, पुरातत्व महत्व की और धार्मिक मूर्तियों की चोरी, जिनसे जन-सामान्य की भावनाएं जुड़ी हैं, बारह वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के साथ बलात्कार आदि की घटनाओं को चिन्हित अपराधों की श्रेणी में शामिल कर कठोरतम दंड देने की व्यवस्था की गई है। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना, ओएसडी, मुख्यमंत्री कार्यालय श्री योगेश चौधरी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ग्रामीण विकास योजनाओं में मध्यप्रदेश 'स्टार परफॉर्मर'

भोपाल, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास और विकास आयुक्त श्री मलय श्रीवास्तव ने विकास आयुक्त कार्यालय में विभागीय समीक्षा करते हुये कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाओं में मध्यप्रदेश 'स्टार परफॉर्मर' है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, ग्राम सड़क योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आदि के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है।

अपर मुख्य सचिव श्री श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में सभी पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में विभागीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किये जाएं। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रदेश को अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए संबंधित अधिकारियों से निरंतर समन्वय कर केंद्र सरकार से जितने संसाधन लाये जा सकें लाये जाएं।

संत रविदास सामाजिक समरसता पुरस्कार के लिये निर्णायक मण्डल गठित

भोपाल, राज्य शासन ने वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक 5 वर्षों के 'संत रविदास सामाजिक समरसता पुरस्कार' के लिये निर्णायक मण्डल का गठन किया है। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में गठित निर्णायक मण्डल में प्रमुख सचिव/सचिव अनुसूचित जाति कल्याण, आयुक्त/संचालक संस्कृति सदस्य और आयुक्त अनुसूचित जाति विकास सदस्य सचिव होंगे। श्री रामाधार चौधरी उमरिया, श्री अरविंद लोधी ग्राम रोड तहसील जबेरा जिला दमोह और श्री राजेश सोनकर मुराई मोहल्ला, छावनी इंदौर अशासकीय सदस्य होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है
मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र
रोज़गार और निर्माण
प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।
एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें
0755-2760006, 9424442725, 9424444174
प्रमुख आकर्षण
• कॅरियर की खबरें
• सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
• खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
• सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
• मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
• विज्ञान की बातें
मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com
आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

नथाली मैकग्लोइन

दिव्यांग रेसिंग ड्राइवर ने बनाया रिकॉर्ड

ब्रिटेन की नथाली मैकग्लोइन ने शारीरिक लाचारी को मात देकर गिनीज बुक में नाम दर्ज करवाया है। वे दुनिया की पहली दिव्यांग महिला क्वाड्रप्लीजिक रेसिंग ड्राइवर बन गई हैं। क्वाड्रप्लीजिक वे लोग होते हैं, जिनका पक्षाघात के कारण गर्दन के नीचे का पूरा शरीर काम नहीं करता है। पायलट रहीं नथाली की कार हादसे में गर्दन टूट गई थी। नथाली ब्रिटेन में रैली लाइसेंस हासिल करने वाली एकमात्र दिव्यांग महिला भी हैं।

सऊदी अरब में

पहला 3डी दो मंजिला विला तैयार

सऊदी अरब की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी दार अल अर्कान ने शक्स अल रियाद किंगडम में पहला 3डी कंस्ट्रक्शन प्रिंटेड दो मंजिला विला बनाया है। इसकी ऊंचाई 9.9 मीटर है। खास बात यह है कि चिलचिलाती गर्मी के मौसम में भी विला को सीधे साइट पर बनाया गया है। पारंपरिक निर्माण की तुलना में ये इमारत चार गुना अधिक मजबूत है। इसे सीमेंट, रेत, चट्टानों और पत्थरों सहित स्थानीय सामग्रियों को इस्तेमाल करके बनाया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर वाएल अलहॉगन ने बताया कि इस विला में 30 प्रतिशत कम ऊर्जा खपत होगी। यह एक महीने में पूरा बन जाएगा।

राजस्थान में

सूरतगढ़ फार्म की थारपारकर गाय 3.5 लाख में बिकी

राजस्थान के केंद्रीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र फार्म सूरतगढ़ में आयोजित एक दिवसीय थारपारकर नस्ल की गायों और बछड़ियों की खुली बोली में थारपारकर नस्ल की गाय 3 लाख 50 हजार रुपये की रिकॉर्ड कीमत में बिकी। यह गाय एक वर्ष में 3 हजार लीटर दूध देती है। पशुपालकों के अनुसार वीपी, शुगर, कैंसर और मंदबुद्धि बच्चों के लिए थारपारकर गाय का दूध लाभदायक होता है। थारपारकर गाय अगर एक बार पानी पी ले तो पूरे राजस्थान के थार मरुस्थल को पार कर सकती है। थोड़ा सा हरा चारा खाने पर इन गायों का पेट भर जाता है।

अमेरिका में

आठ वर्षीय बालक ने 3 हजार फीट चढ़ाई कर रिकॉर्ड बनाया

अमेरिका के योसेमाइट नेशनल पार्क की 3 हजार ऊंची एल कैपिटन चट्टान पर सैम नामक 8 साल के बच्चे ने चढ़ाई की है। सैम ने 3 दिन में यह सफर तय किया है। सैम ने सबसे कम उम्र में इस चट्टान पर चढ़ने का रिकॉर्ड बनाया है। सैम ने चोटी पर एक बैनर भी टांगा है उस पर 'आई लव यू मॉम' लिखा था। सैम के माता-पिता ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है।

रोबोटिक्स स्टार्टअप ने

दुनिया का सबसे तेज चलने वाला जूता बनाया

अमेरिका के पिट्सबर्ग स्थित रोबोटिक्स और इंजीनियरिंग स्टार्टअप ने ऐसा जूता बनाया है जो पैदल चलने वाले की रफ्तार 250 प्रतिशत तक बढ़ा देता है। मूनवॉकर्स ब्रांड नाम के इन जूतों में डीसी मोटर लगी हैं। देखने में रोलरस्केट जैसे दिखने वाले इन जूतों को पहनकर 11 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकते हैं। जबकि सामान्य पैदल गति 4 से 6.5 किलोमीटर प्रति घंटे होती है। इसे किसी भी तरह के जूतों से जोड़कर पहना जा सकता है।

इरशाद कामिल को

पुश्किन प्राइज मिला

गीतकार इरशाद कामिल को रूस के पुश्किन प्राइज से सम्मानित किया गया है। इरशाद पहले भारतीय लिरिक्स राइटर हैं, जिन्हें यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इससे पहले किसी भी भारतीय गीतकार को इस पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया गया है। जब वी मेट, चमेली, लव आज कल, रॉकस्टार, आशिकी-2 के गीतों से लोकप्रिय हुए इरशाद ने कहा कि रूस और भारत के बीच मैत्रीय संबंधों की वजह से हिंदी फिल्में और बॉलीवुड गीत वहां लोकप्रिय हैं और यही वजह है कि उन्हें उनके लिखे गीतों की वजह से यह पुरस्कार मिला है।

एडिनबर्ग में

दरवाजे को गुलाबी रंग से रंगने पर हुआ जुर्माना

एडिनबर्ग की 46 साल की मिरांडा ने अपने घर का बाहरी दरवाजा पसंदीदा गुलाबी रंग में रंगवा लिया तो उन्हें 19 लाख रुपए का जुर्माना अदा करना पड़ा। जुर्माना एडिनबर्ग सिटी काउंसिल ने लगाया। मिरांडा न्यूटाउन में रहती हैं। ये इलाका साल 1995 में वर्ल्ड हेरिटेज कंजर्वेशन में रखा गया था। यहां गुलाबी रंग पुतवाना गैरकानूनी है। काउंसिल की ओर से उन्हें दरवाजे को फिर से गहरे और म्यूट कलर से पुतवाने के लिए निर्देशित किया गया है।

लेबनान में

राष्ट्रपति मिशेल ने छोड़ा पद

लेबनान में वित्तीय संकट के बीच राष्ट्रपति मिशेल औन ने राष्ट्रपति पद छोड़ दिया है। संसद अब तक उनकी जगह किसी और के नाम पर सहमत नहीं हो पाई है। लेबनान वर्तमान में एक कार्यवाहक कैबिनेट द्वारा शासित है, सरकार बनाने के लिए छह माह से संघर्ष चल रहा है।

अजित मोहन

फेसबुक इंडिया चीफ का इस्तीफा

फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के इंडिया हेड चीफ अजित मोहन ने इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि भारत में कंपनी के डायरेक्टर और हेड ऑफ पार्टनरशिप्स मनीष चोपड़ा फिलहाल उनका काम देखेंगे। जानकारी के अनुसार अजित स्नैपचैट से जुड़ने जा रहे हैं। अजित 2019 में मेटा (तब फेसबुक) से जुड़े थे। वे कंपनी के इंडिया बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर थे। उनकी लीडरशिप में मेटा की एप्स फैमिली ने भारत में 20 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर्स जोड़े। फेसबुक में आने से पहले वे हॉटस्टार में थे।

नेपाल में

डॉग्स के लिए खास पूजा त्योहार

नेपाल में डॉग्स के लिए खास पारंपरिक पूजा त्योहार मनाया जाता है। कुकुर तिहार के नाम से प्रसिद्ध इस त्योहार में पालतू और लावारिस डॉग्स की भी पूजा कर, आरती उतार कर, टीका लगा कर माला पहनाई जाती है। उन्हें पेट भरके भोजन कराए जाने की परंपरा है। यह त्योहार दीपावली के आसपास ही मनाया जाता है। इस बार 24 अक्टूबर को मनाया गया। इसमें डॉग्स प्रेमी एकत्र होते हैं और त्योहार मनाते हैं। इसे धार्मिक मान्यता प्राप्त है, मृत्यु के देवता यमराज का साथी होने के कारण इसे लंबी उम्र के साथ जोड़ा गया है।

अमो हाजी

दुनिया के सबसे गंदे आदमी का नहाने के बाद निधन

ईरान के अमो हाजी को दुनिया भर में सबसे गंदे आदमी के तौर पर जाना जाता था। आधी सदी तक तो उन्होंने नहाया ही नहीं था। समाचार एजेंसी के अनुसार दशकों तक न स्नान करने के बाद अचानक नहाने के कुछ समय बाद ही उनका निधन हो गया। 94 वर्ष के अमो हाजी के दक्षिणी प्रांत फार्स के देजगाह गांव में मृत पाए गए। ईरानी मीडिया आउटलेट्स के अनुसार 2013 में उनके जीवन पर 'द स्ट्रेंज लाइफ ऑफ अमो हाजी' नामक लघु वृत्तचित्र (शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री) फिल्म बनायी गयी थी।

सिक्किम

दो नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार मिला

सिक्किम की दो नर्सों को इस वर्ष का प्रतिष्ठित फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार दिया गया है। इन्हें समारोहपूर्वक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। टीका देवी पांडे और ताशी ल्हामू शेरपा को यह सम्मान मिला। टीका देवी वर्तमान में रानीपूल यूपीएचसी में वरिष्ठ सहायक नर्स मिडवाइफरी हैं और विगत 33 वर्षों से सेवारत हैं जबकि ताशी शेरपा सोरेंग पीएचसी में सहायक नर्सिंग अधीक्षक के पद पर तैनात हैं और विगत 22 वर्षों से सेवारत हैं।

उत्तर कोरिया में

विदेशी फिल्म देखने या कॉल करने पर तीन पीढ़ियों को होगी सजा

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग ने जनता पर पूरा नियंत्रण रखने के लिए नया आदेश निकाला है जिसके तहत विदेशी फिल्म देखना अथवा विदेशों में कॉल करना देशद्रोह की श्रेणी में माना जाएगा। इसके लिए तीन पीढ़ियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। राजधानी प्योंगयांग में रहने के लिए वकायदा परमिशन लेनी पड़ेगी। पुलिस रेजिडेंट कार्ड की चेकिंग करेगी। सजा ग्रैंड पेरेंट्स, माता-पिता और बच्चों के लिए निर्धारित की गयी है। इसे थ्री जनरेशन पनिशमेंट कहा गया है। सरकार की ओर से महिलाओं के लिए 28 और पुरुषों के लिए 10 हेयर स्टाइल तय किए गए हैं।

सर जेजे अस्पताल में

अंग्रेजों के जमाने की सुरंग मिली

मुंबई के सर जेजे अस्पताल के नीचे ब्रिटिश काल की सुरंग मिली है। सुरंग करीब 130 साल पुरानी है। अस्पताल के मुताबिक 200 मीटर लंबी सुरंग डिलीवरी वार्ड से बच्चों के वार्ड तक नजर आ रही है। माना जा रहा है कि आपातकाल और आपदा के लिए इसे बनाया गया होगा। अस्पताल प्रबंधन ने सुरंग के बारे में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को जानकारी दी है। सुरंग के दूसरे छोर का पता लगाने के लिए अस्पताल पुरातत्व विभाग की मदद ले रहा है।

बहामास में

वैज्ञानिकों ने खोजा सबसे बड़ा समुद्री घास का जंगल

वैज्ञानिकों ने कैरेबियाई देश बहामास में टाइगर शार्क की मदद से दुनिया के सबसे बड़े समुद्री घास के जंगल की खोज की है। यह जंगल कैरेबियाई समुद्रतल में 92,000 वर्ग कि.मी. तक फैला हुआ है। इस खोज के बाद कुल ज्ञात वैश्विक समुद्री घास के क्षेत्रफल में 40 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। समुद्री घास जलीय जीवों के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। अध्ययन के लिये 2016 से 2020 के बीच 7 टाइगर शार्क पर उपग्रह और रेडियो टैग से लैस कैमरा पैकेज लगाये गये।

अरुणा मिलर

भारतीय मूल की पहली गवर्नर

भारतीय मूल की अमेरिकी नेता अरुणा मिलर (58) ने मैरीलैंड में लेफ्टिनेंट गवर्नर का चुनाव जीता है। यहां ऐसा करने वाली वह पहली अप्रवासी बन गई हैं। मिलर ने कहा, मैरीलैंड ने विभाजन के बदले एकता-अधिकारों पर प्रतिबंध के बदले अधिकारों का विस्तार और भय के बदले आशा को चुना। मिलर का जन्म आंध्रप्रदेश में हुआ था, जिसके बाद वह अपने माता-पिता के साथ अमेरिका चली गई थीं।

स्मृति शेष

भारत के प्रथम मतदाता 105 वर्षीय नेगी का निधन

हिमाचल में घर से पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करने के बाद स्वतंत्र भारत के प्रथम मतदाता 105 वर्षीय श्याम सरन नेगी का निधन हो गया। उन्होंने कल्पा स्थित अपने निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। नेगी कुछ दिन से अस्वस्थ थे। राजकीय सम्मान के साथ पोवारी (रिकांगपिओ) में सतलुज नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

समाजसेवी गांधीवादी इलाबेन का निधन

सेवा संस्था की संस्थापक गांधीवादी इलाबेन भट्ट का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 1977 में रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड, 1986 में राइट लाइवलीहुड अवॉर्ड और पद्मभूषण जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया था। उन्होंने समाजसेवा के जरिए महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया। 1972 में उन्होंने स्वयंश्री महिला सेवा संघ (सेवा) नाम से संस्था बनाई थी।

भारत के स्टील मैन जमशेद जे. ईरानी का निधन

भारत के स्टील मैन के नाम से विख्यात डॉक्टर जमशेद जे. ईरानी का 86 वर्ष की उम्र में जमशेदपुर (झारखंड) में निधन हो गया। ईरानी 1968 में टाटा स्टील में शामिल हुए थे और 43 साल बाद 2011 में कंपनी से रिटायर हुए। पद्मभूषण से सम्मानित ईरानी 1992 से 2001 तक टाटा स्टील के एमडी रहे।

दक्षिण कोरिया के एक्टर ली जिहान का निधन

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में हैलोवीन के दौरान मची भगदड़ में 24 वर्षीय एक्टर-सिंगर ली जिहान का निधन हो गया। जिहान कोरियाई गायन प्रतियोगिता प्रोड्यूस 101 के पूर्व प्रतियोगी थे। उन्होंने टुडे वाज अनदर नेम ह्यून डे के साथ अपना टेलीविजन डेब्यू किया था।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

BM Group of Institutions
Recognized and approved by AICTE/ BCI/NCTE (New Delhi) & DTE /DHE (Bhopal)
Affiliated To Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore

REQUIREMENTS
(Under College Code 28)

Principal / Professor / Associate Professor / Assistant Professor / Librarian / Sports Officer
REQUIRED FOR COURSES
MBA, MSW, BBA, B.Com., B.Sc., B.Ed., B.A. LL.B.,
Eligibility as per UGC / BCI / AICTE / NCTE and State Govt. norms

BM College of Technology (MBA Deptt.)	BM College of Management & Research	BM Institute of Professional Studies

Apply within 5 days at: **info@bmcollege.ac.in**
Campus : Near Chokhi Dhani, Khandwa Road, Indore

R-47751/2022

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011

SQC CONSULTANCY OF BRIDGES (E-Procurement Notice)

No. 15826/22/D-12/SQC-Brg./22 **Bhopal, Dated : 10.11.2022**

Online Bids are invited through e-procurement portal **http://mptenders.gov.in** from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Bridge works being constructed on Rural Roads for the following packages.

- **No. of Packages - 6**
- **No. of Bridges - 163**

Total Estimated Construction Cost (in Rs.) - Rs. 1688984000/-

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs on 11.11.2022.
2. Last date of Submission of bid is date 30.11.2022 upto 17.30 hrs.

Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Bridge works June, 2021 on our Website **http://mptenders.gov.in.**

Madhyam/107180/47749/2022 **CHIEF GENERAL MANAGER (Tender)**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE-452007 (M.P.)
Phone : (0) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website: www.invest.mp.gov.in
GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850

क्र. एमपीआयडीसी/क्षे.का.इं./लेखा/2022/8317 दिनांक : 10.11.2022

निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

एमपीआयडीसी, क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्र ऐपेरेल-फार्मा क्लस्टर ग्राम बीजेपुर (बेटमा) जिला इंदौर में फूडकोर्ट (कैंटीन) परिसर एवं निर्मित कॉमर्शियल काम्प्लेक्स में स्थित बिल्टअप स्पेस व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रयोजन के लिये किराये पर देने हेतु ऑनलाइन निविदा **दिनांक 02.12.2022 तक** आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र का मूल्य (वापसी योग्य नहीं), धरोहर राशि एवं निविदा से संबंधित अन्य जानकारी ऑनलाइन वेबसाइट **www.mpeproc.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/107179/47748/2022 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री निर्माण उद्योग में महत्वपूर्ण होती है। इंजीनियरों के लिए स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री भी लाभप्रद है। टाउन एंड कंट्री प्लानर जमीन का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करता है। इन सब कामों के लिए फील्ड सर्वे और अध्ययन जरूरी होता है। इसके बाद मॉडल, स्केच या ले आउट तैयार किया जाता है, जिसके लिए ग्रेजुएशन के बाद पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर विशेषज्ञता हासिल करना जरूरी है। इसमें ड्राफ्ट्समैन का काम भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। उसे आमतौर पर आर्किटेक्ट के साथ काम करना होता है। ड्राफ्ट्समैन इमारतों, सडक़ों, पुलों और बांधों आदि का बुनियादी नक्शा तैयार करता है। किसी भी परियोजना के मंजूर होने पर विस्तृत साइट प्लान तैयार करता है। कौनसी चीज कहां बनाई जाए, इमारत कितनी मंजिला हो जैसे काम ड्राफ्ट्समैन के हैं। कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट में पाठ्यक्रम करने के लिए न्यूनतम योग्यता इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर की किसी भी शाखा में ग्रेजुएट डिग्री जरूरी हैं।

अनुकूलता से चुनें निर्माण उद्योग से संबंधित पाठ्यक्रम

निर्माण उद्योग से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम मध्यप्रदेश और देश के विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध हैं। अपनी उपयुक्तता के अनुरूप किसी कोर्स और उपयुक्त शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान को चयन करके कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में अच्छे कॅरियर की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - सामान्य ज्ञान खेल

1. कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में बैडमिंटन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं।
(अ) किदांबी श्रीकांत
(ब) लक्ष्य सेन
(स) सौरभ वर्मा
(द) इनमें से कोई नहीं

2. पीजीए गोल्फ टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय गोल्फर हैं।
(अ) अर्जुन अटवाल
(ब) जीव मिल्खा सिंह
(स) अर्निबान लाहिड़ी
(द) इनमें से कोई नहीं

3. वर्ष 2022 में किस देश ने एशिया कप का खिताब जीता है।
(अ) भारत (ब) श्रीलंका
(स) पाकिस्तान
(द) इनमें से कोई नहीं

4. इनमें से किस खेल में बर्डी और ईगल टर्म का इस्तेमाल होता है।
(अ) टेनिस (ब) जिम्नास्टिक
(स) गोल्फ (द) टेबल टेनिस

5. केविन डि ब्रून किस देश के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी हैं।
(अ) इंग्लैंड (ब) डेनमार्क
(स) आयरलैंड (द) बेल्जियम

6. ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम भारत के किस शहर में है।
(अ) इंदौर (ब) जयपुर
(स) कानपुर (द) बेंगलुरू

7. वर्ष 1996 में ओलिंपिक खेल किस शहर में आयोजित किए गए थे।
(अ) बार्सिलोना (ब) अटलांटा
(स) सिडनी (द) एथेंस

8. प्रो कबड्डी लीग का आठवां सीजन किस टीम ने जीता है।
(अ) दबंग दिल्ली
(ब) पटना पाइरेट्स
(स) बेंगलुरू बुल्स (द) यूपी योद्धा

9. इनमें से कौन-सा देश आईसीसी वनडे वर्ल्डकप-2019 में उपविजेता रहा था।
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) पाकिस्तान
(स) द. अफ्रीका (द) न्यूजीलैंड

10. विक्टर एक्सेलसन किस देश के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।
(अ) डेनमार्क (ब) स्पेन
(स) कनाडा (द) सिंगापुर

11. इस वर्ष किस क्लब ने डूरंड कप का खिताब जीता है।
(अ) मुंबई सिटी एफसी
(ब) चेन्नइयन एफसी
(स) केरेला ब्लास्टर्स
(द) बेंगलुरू एफसी

12. जापान ने किस वर्ष फीफा महिला फुटबॉल विश्वकप का खिताब जीता था।
(अ) वर्ष 2003 (ब) वर्ष 2007
(स) वर्ष 2011 (द) वर्ष 2015

13. फ्रांस ने कितनी बार डेविस कप का खिताब अपने नाम किया है।
(अ) सात बार (ब) दस बार
(स) पंद्रह बार
(द) इनमें से कोई नहीं

14. इस वर्ष यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं।
(अ) कार्लोस अल्कारेज
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) राफेल नडाल
(द) एलेक्जेंडर ज्वेरेव

15. ओलिंपिक चैम्पियन जिम्नास्ट सिमोना बाइल्स किस देश का प्रतिनिधित्व करतीं हैं।
(अ) कनाडा (ब) अमेरिका
(स) कोस्टा रिका (द) बेलारूस

16. इस वर्ष शीतकालीन ओलिंपिक खेल चीन के किस शहर में आयोजित किए गए थे।
(अ) शंघाई (ब) चेंगदू
(स) बीजिंग (द) ग्वांगझू

17. राफेल नडाल ने अपने कॅरियर में सबसे पहले कौन-सा ग्रैंड स्लैम जीता था।
(अ) विम्बलडन (ब) यूएस ओपन
(स) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(द) फ्रेंच ओपन

18. इनमें से किस खिलाड़ी को एशिया कप-2022 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है।
(अ) मोहम्मद रिजवान
(ब) विराट कोहली
(स) वानिंदु हसरंगा
(द) कुशल मेंडिस

19. भारत ने एशियन गेम्स-2018 में कुश्ती में कितने स्वर्ण पदक जीते थे।
(अ) एक (ब) दो
(स) चार
(द) इनमें से कोई नहीं

20. इस वर्ष किस देश ने अंडर-17 सैफ चैम्पियनशिप जीती है।
(अ) भारत (ब) श्रीलंका
(स) बांग्लादेश (द) नेपाल

21. इस वर्ष राष्ट्रीय खेल किस राज्य में आयोजित किए गए थे।
(अ) कर्नाटक (ब) गुजरात
(स) पंजाब (द) मणिपुर

22. मनु भाकर किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करतीं हैं।
(अ) हॉकी (ब) कुश्ती
(स) निशानेबाजी (द) गोल्फ

23. जर्मनी ने किस वर्ष आखिरी बार फीफा वर्ल्डकप जीता था।
(अ) वर्ष 1998 (ब) वर्ष 2006
(स) वर्ष 2010 (द) वर्ष 2014

24. इस वर्ष ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं।
(अ) ताई जू यिंग
(ब) नाजोमी ओकुहारा
(स) अकाने यामागुची
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (ब), 2.(अ), 3.(ब), 4. (स), 5. (द), 6.(स), 7.(ब), 8.(अ), 9. (द), 10.(अ), 11.(द), 12. (स), 13.(ब), 14.(अ), 15.(ब), 16. (स), 17.(द), 18.(स), 19.(ब), 20.(अ), 21.(ब), 22.(स), 23.(द), 24.(स)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

स्वच्छ भारत-स्वच्छ समुद्र तट

भारत में 12 समुद्री तटों पर लहरा रहा है "ब्लू फ्लैग"

ब्लू फ्लैग प्रमाण-पत्र दुनिया भर के उन समुद्री तटों को दिया जाता है जो सबसे स्वच्छ और सुरक्षित होते हैं।

भारत का एक समृद्ध समुद्री इतिहास रहा है। समुद्री गतिविधियों का सबसे पहले ऋग्वेद में उल्लेख किया गया था और महासागर, समुद्र एवं नदियों के अंतर्संबंधों के संदर्भ भारतीय पुराणों में पाए जा सकते हैं। भारतीय सामाजिक-आध्यात्मिक परंपराओं, साहित्य, कविता, मूर्तिकला, चित्रकला और पुरातत्व से विविध साक्ष्य भारत की महान समुद्री परंपराओं की पुष्टि करते हैं। 7,500 किमी से अधिक की भारत की समुद्री तटरेखा हमारे विशाल महासागर संसाधनों को दर्शाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हिंद महासागर एकमात्र ऐसा महासागर है जिसका नाम किसी देश अर्थात भारत के नाम पर रखा गया है।

विशाल नीले समुद्र मानव समुदाय को हमेशा से ही आकर्षित करते हैं। पर्यावरणीय संतुलन के आवश्यक आधार तत्वों में से एक इन सागरों को स्वच्छ और सुरक्षित रखना मानव जाति के अस्तित्व के लिए बेहद जरूरी है। भारत ने इस दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। अब भारत के 12 समुद्री तटों पर 'ब्लू फ्लैग' शान से लहरा रहे हैं। ब्लू फ्लैग प्रमाण-पत्र विश्व भर के सबसे स्वच्छ और सुरक्षित समुद्री तटों को दिया जाने वाला सम्मान है और यह सम्मान केवल सरकार के प्रयासों से नहीं बल्कि जन भागीदारी के कारण हासिल हुआ।

हाल ही में भारत के दो और समुद्री तट, थुंडी और कदमत प्रसिद्ध 'ब्लू बीच' की सूची में शामिल हो गए हैं। मिनिकॉय थुंडी (Minicoy Thundi) बीच लक्षद्वीप द्वीपसमूह में सबसे प्राचीन और मनोरम समुद्र तटों में से एक है, जो सफेद रेत लैगून के नीले पानी से बना हुआ है। यह तैराकों और पर्यटकों के लिए एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जबकि कदमत (Kadmat beach) बीच विशेष रूप से क्रूज पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है जो पानी के खेलों के लिए फेमस है। यहां सफेद रेत, नीले लैगून के पानी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यह बीच स्थानीय लोगों और प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है। भारत में दो और तटों को स्वच्छता, पानी की गुणवत्ता और पर्यावरण प्रबंधन के लिए इस प्रमाणन का मिलना इस बात को दर्शाता है कि देश में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में काम हो रहा है।

'ब्लू फ्लैग' सूची में शामिल 12 भारतीय बीच कौन-कौन से हैं?

1. मिनिकॉय थुंडी बीच - लक्षद्वीप
2. कदमत बीच - लक्षद्वीप
3. शिवराजपुर बीच - गुजरात
4. कासरकोड बीच- कर्नाटक
5. पादुबिद्री बीच- कर्नाटक
6. घोघला बीच - दीव
7. कप्पड बीच - केरल
8. रुशिकोंडा बीच - आंध्र प्रदेश
9. राधानगर बीच - अंडमान और निकोबार
10. गोल्डन बीच - ओडिशा
11. कोवलम बीच - तमिलनाडु
12. ईडन बीच - पुडुचेरी

सरकार और जनता के प्रयासों से स्वच्छ बन रहे हैं हमारे समुद्र तट

भारत में ब्लू फ्लैग प्रमाणन के तहत प्रमाणित समुद्र तटों की संख्या बारह हो गई है। यह भारत के लिए गौरवशाली क्षण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इन बीचों को 'ब्लू फ्लैग' टैग मिलने पर बधाई दी है, उन्होंने ट्वीट के माध्यम से कहा कि यह बहुत अच्छा है, इस उपलब्धि के लिए विशेष रूप से लक्षद्वीप के लोगों को बधाई। भारत की तटरेखा उल्लेखनीय है और हमारे लोगों में तटीय स्वच्छता को आगे बढ़ाने के लिए जुनून भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इससे पहले बीचों की स्वच्छता की पहल भी की थी।

समुद्र तटों पर साफ-सफाई में जनभागीदारी में बड़ी भूमिका प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उस पहल की भी रही, जो उन्होंने महाबलीपुरम के समुद्र तट पर की थी, दरअसल महाबलीपुरम के समुद्र तट पर स्वच्छता की अलख जगाते हुए प्रधानमंत्री ने यह जताने का प्रयास किया कि हम सब मिल जायें तो कुछ भी आसान हो सकता है। वहीं पर्यावरण मंत्रालय के प्रयासों और जन जागरूकता का ही परिणाम है कि भारत के 12 समुद्री तटों को ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेट के सम्मान से सम्मानित किया गया।

ब्लू फ्लैग क्या है?

ब्लू फ्लैग समुद्र तटों को दुनिया का सबसे साफ समुद्र तट माना जाता है। यह एक ईको-टूरिज़्म मॉडल है, जो पर्यटकों/समुद्र तट पर आने वालों को नहाने के लिये साफ एवं स्वच्छ जल, सुविधाओं, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के साथ क्षेत्र के सतत् विकास को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। यह प्रतिष्ठित सदस्यों- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO), डेनमार्क स्थित एनजीओ फाउंडेशन फॉर एन्वायरनमेंटल एजुकेशन (FEE) और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) से गठित एक अंतर्राष्ट्रीय जूरी द्वारा प्रदान किया जाता है।

ब्लू फ्लैग प्रमाण पत्र दुनिया भर के उन समुद्री तटों को दिया जाता है, जो सबसे स्वच्छ और सुरक्षित होते हैं। समुद्र तटों को ब्लू फ्लैग प्रमाण-पत्र देने के पूर्व कुल 33 मानकों पर परखा जाता है। जिनमें से जल की गुणवत्ता, अपशिष्ट अवयवों का प्रबंधन और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता जैसे मानक शामिल हैं। ब्लू फ्लैग प्रमाण-पत्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक गैर सरकारी संगठन फाउंडेशन फॉर इनवॉयरमेंटल एजुकेशन (FEE) द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रतिष्ठित ब्लू फ्लैग समुद्र तट, मरीना और स्थायी नौका विहार पर्यटन के लिए दुनियाभर के सबसे मान्यता प्राप्त स्पॉट है। इसकी शुरुआत वर्ष 1987 में की गयी थी। इसमें अभी तक 48 देशों के 5042 स्पॉट को जगह दी जा चुकी है।

ब्लू फ्लैग से पर्यटन को मिलता है बढ़ावा

इस तरह के सर्टिफिकेशन से देश के इन बीचों पर पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। साथ ही देश के अन्य बीच भी इस सूची से जुड़ने की होड़ में लग जाते हैं। इसके कई लाभ होते हैं जैसे, इको-फ्रेंडली बीच के निर्माण में मदद मिलती है और देश में क्लीन बीच को भी बढ़ावा मिलता है। ब्लू फ्लैग बीच के स्थानीय लोगों को इसकी मदद से अधिक रोज़गार भी मिलता है।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- भारत सरकार ने भी 2018 में समुद्र तटों को साफ करने का अभियान शुरू किया है।
- भारत ने जून, 2018 में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तटीय क्षेत्रों के स्थायी विकास की अपनी यात्रा शुरू की।
- तब भारत ने 13 तटीय राज्यों में एक साथ I-AM-SAVING-MY-BEACH अभियान लॉन्च किया था।
- इसके दो साल के अंदर यानी 2020 में ही भारत के आठ समुद्री तटों को ब्लू फ्लैग मिलना विशेष उपलब्धि थी।
- इसी के साथ 2020 में भारत एशिया का चौथा ऐसा देश बन गया था, जहां के समुद्र तटों को ब्लू फ्लैग मिला।
- ब्लू फ्लैग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त एक इको-लेबल है जिसे 33 मानदंडों के आधार पर प्रदान किया जाता है। इन मानदंडों को 4 प्रमुख शीर्षकों में विभाजित किया गया है, जो इस प्रकार हैं- पर्यावरण शिक्षा और सूचना, स्नान के पानी की गुणवत्ता, पर्यावरण प्रबंधन, समुद्र तटों पर संरक्षण और सुरक्षा सेवाएं।
- ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेशन की तरह ही भारत ने भी अपना इको-लेबल बीच एन्वायरनमेंट एंड एस्थेटिक्स मैनेजमेंट सर्विसेज (Beach Environment and Aesthetics Management Services- BEAMS) लॉन्च किया है।
- वैश्विक स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तटीय सफाई दिवस' हर वर्ष सितंबर के तीसरे शनिवार को मनाया जाता है।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान के तहत देश भर में 75 समुद्र तटों को 75 दिनों में साफ करने के लिये तटीय सफाई अभियान शुरू किया था। जिसका समापन 'अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस' (17 सितंबर 2022) पर हुआ था।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

नर्मदा, सोन और जोहिला नदी का उद्गम स्थल है अनूपपुर जिला

अनूपपुर, मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग का एक जिला है। प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी भाग में स्थित यह जिला 15 अगस्त 2003 को शहडोल जिले के पुनर्गठन के कारण अस्तित्व में आया। यह जिला पूर्व में छत्तीसगढ़ के कोरिया, उत्तर-पश्चिम में शहडोल और दक्षिण में डिंडोरी जिले से घिरा हुआ है।

अनूपपुर मुख्य रूप से पहाड़ी जिला है। नर्मदा नदी, मैकल पहाड़ियों पर स्थित अमरकंटक से निकलती है, जो जिले के लिए सुंदर दृश्य देती है। सोन और जोहिला नदी का उद्गम स्थल भी मैकल पहाड़ियां हैं। चारों ओर से टीक और महुआ के पेड़ों से घिरे अमरकंटक में नर्मदा नदी पश्चिम और सोन नदी पूर्व दिशा में बहती है। इसके अतिरिक्त कई सहायक नदियां भी जिले को हरा-भरा बनाए हुए हैं।

अनूपपुर जिले में देश के पहले राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय की स्थापना 2008 में की गई थी। इस विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य जनजातियों के लिए उच्च शिक्षा और शोध के नए अवसर प्रदान करना है।

इतिहास

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार जिले का क्षेत्र राजा विराट की राजधानी था। इसी तरह अमरकंटक का संबंध धार्मिक उपदेशक भृगु मार्कंडेय आदि के साथ-साथ पांडवों से भी है। माना जाता है कि सोन नदी के उत्तर में मगध साम्राज्य का शासन था। मेकला के शासक जो वाकाटकों के आधिपत्य में आते थे, उन्हें मेकला के पनवंशी के रूप में जाना जाता था। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि मेकला, क्षेत्र में रहने वाली एक छोटी जनजाति थी, जिसके रहवास क्षेत्र में आधुनिक अमरकंटक पहाड़ी और आसपास का क्षेत्र शामिल था।

पूर्व में सोहागपुर और अमरकंटक क्षेत्र को 1857 के विद्रोह के बाद रीवा शासक को रामगढ़ (मंडला जिला) और अन्य स्थानों में विद्रोहियों को दबाने में दी गई मदद के बदले में दिया गया था। इसके बाद यह क्षेत्र शहडोल जिले के हिस्से के रूप में 1947 तक बघेल शासक के अधीन रहा। इतिहास के अनुसार अमरकंटक चेंदि वंश और कल्चुरियों के अधीन भी रहा है।

अमरकंटक के कर्ण मठ का निर्माण कल्चुरी नरेश कर्ण देव ने करवाया था। नागपुर के भोंसलों ने नर्मदा मंदिर का निर्माण किया। रीवा के बघेल वंश से संबंधित महाराजा गुलाब सिंह ने मंदिर परिसर की बाहरी चारदीवारी का निर्माण कराया। कलचुरियों ने अमरकंटक में मछेंद्रनाथ और पटलेश्वर मंदिर का निर्माण किया। इन सभी संदर्भों से पता चलता है कि जिले पर नागपुर के भोंसले और कलचुरियों का शासन भी था।

अर्थव्यवस्था

अनूपपुर जिले का 20.40 प्रतिशत भाग वनों से आच्छादित है। मुख्य वृक्ष साल, आंवला, सागौन, सरई, बबूल, शीशम आदि हैं। धान, कोदो, कुटकी, मक्का जिले की प्रमुख फसलें हैं। अब यहां गेहूँ, सूरजमुखी एवं सोयाबीन की खेती भी की जाने लगी है। दलहन में उड़द, अरहर, मसूर एवं चना प्रमुख हैं। तिलहन में तिल राई, रमतिला एवं मूंगफली की खेती की जाती है। नाशपाती और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों का उत्पादन भी यहां किया जा रहा है।

जिले में बांस, टोकरी निर्माण आदि छोटे-छोटे लघु उद्योग स्थापित किए गए हैं। अमरकंटक बहुत से आयुर्वेदिक पौधों के लिए भी प्रसिद्ध है।

अनूपपुर जिले में कोयला, वॉक्साइड, फायरक्ले आदि खनिज पाए जाते हैं। जिले का कोतमा कोल माइंस के लिए तथा वेंकट नगर बीड़ी उद्योग के लिए जाना जाता है।

अनूपपुर जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 15 अगस्त 2003
2. संभाग - शहडोल
3. जिला मुख्यालय - अनूपपुर
4. क्षेत्रफल - 3746.71 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 7,49,237 (पुरुष - 3,79,114, महिलाएं- 3,70,123)
6. लिंग अनुपात - 976
7. जनघनत्व - 200 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता - 67.90%
9. तहसीलें - 4 (अनूपपुर, पुष्पराजगढ़, जैतहरी, कोतमा)
10. विकासखंड - 4
11. ग्राम पंचायत - 279
12. ग्राम - 603
13. नगर परिषद् - 5 (जैतहरी, डोला, अमरकंटक, बनगंवा (राजनगर), डूमरकछार)
14. नगरपालिका - 4 (अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, पसान)
15. विधानसभा क्षेत्र - 3 (अनूपपुर, कोतमा और पुष्पराजगढ़)
16. लोकसभा क्षेत्र - 1 (शहडोल)
17. भाषा एवं बोली - हिन्दी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ तहसील के दक्षिणी पूर्वी भाग में मैकल पहाड़ियों में स्थित अमरकंटक देश के पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यहाँ से पवित्र नर्मदा नदी के साथ-साथ सोन तथा जोहिला नदी का भी उद्गम होता है। यह देश के विभिन्न भागों से तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करता है। महाकवि कालिदास ने भी अपनी कविताओं में अमरकंटक को तीर्थ रत्न कहा है।
- अमरकंटक के अन्य दर्शनीय स्थलों में नर्मदा कुण्ड, सूर्यकुण्ड, माई की बगिया, कपिल धारा जल प्रपात, दुग्ध धारा जल प्रपात, सिलहरा की गुफाएं, कर्ण मंदिर, शिव मंदिर, केशव नारायण मंदिर, सर्वोदय जैन मंदिर, पंच मठा मंदिर आदि शामिल हैं।
- अमरकंटक में नर्मदा कुंड के पास दक्षिण में कलचुरी काल के मंदिरों का समूह है। इनका निर्माण कलचुरी नरेश कर्णदेव ने 1041-1073 ईसवीं के दौरान करवाया था। यहां स्थित तीन गर्भ वाला कर्ण मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इसमें प्रवेश के लिए पांच मठ हैं। मंदिर परिसर में स्थित पातालेश्वर मंदिर का आकार पिरामिड जैसा है। यह पंचरथ नागर शैली में बना हुआ है।
- अमरकंटक में घने जंगलों के बीच श्रीयंत्र महामेरु मंदिर स्थित है। करीब 52 फुट ऊंचाई वाले इस मंदिर की आकृति श्रीयन्त्र जैसी है, इसका निर्माण भी विशेष मुहूर्त में किया गया था।
- इस मंदिर की सबसे प्रमुख विशेषता प्रवेश द्वार पर 4 सिर वाली विशाल मूर्ति है। इस मूर्ति के चेहरे देवी लक्ष्मी, सरस्वती, काली और भुवनेश्वरी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके नीचे भगवान गणेश और कार्तिक की मूर्तियों के साथ 64 योगनियों की मूर्तियां भी हैं। यह शक्ति की अवधारणा का ज्यामितीय प्रतिनिधित्व है।
- अनूपपुर जिले में स्थित चचाई बांध एक सुंदर प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। इसका जलाशय बहुत बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। बांध के पास एक मंदिर भी है। चचाई बांध के पानी का उपयोग अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन में किया जाता है।
- पुष्पराजगढ़ तहसील में स्थित किरार घाट एक सुंदर घाटी है। यहां पर एक वॉच टावर भी बना हुआ है, जहां से चारों तरफ के सुंदर दृश्यों को देखा जा सकता है। साथ ही सीतामढ़ी, एक प्रसिद्ध जलप्रपात है। यह केवई नदी पर बना हुआ है।

रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

बेल्जियम और नीदरलैंड्स करेंगे हॉकी विश्वकप की मेजबानी

लुसेन, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले एफआईएच हॉकी विश्वकप के मेजबानी की घोषणा की है। वर्ष 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स संयुक्त रूप से पुरुष और महिला विश्वकप की मेजबानी करेंगे। एफआईएच के कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कार्यकारी बोर्ड की बैठक में विश्वकप-2026 की मेजबानी पर फैसला लिया गया। एफआईएच ने एक बयान जारी कर कहा कि इन विश्वकपों का आयोजन वर्ष 2026 में जुलाई या अगस्त माह में बेल्जियम के वावरे और नीदरलैंड्स के एम्स्टेलवीन शहर में होगा। उल्लेखनीय है कि बेल्जियम पहली बार एफआईएच विश्वकप (पुरुष और महिला) की मेजबानी करेगा, जबकि नीदरलैंड्स तीन बार (वर्ष 1973, 1998 और 2014 में) एफआईएच पुरुष विश्वकप तथा तीन बार (वर्ष 1986, 2014 और 2022 में) एफआईएच महिला विश्वकप की मेजबानी कर चुका है।

इंडोनेशिया के एंथोनी गिंटिंग ने जीता हायलो ओपन

बर्लिन, इंडोनेशिया के बैडमिंटन स्टार एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग ने जर्मनी में आयोजित हायलो ओपन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में गिंटिंग ने चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को रोमांचक मुकाबले में 18-21, 21-11, 24-22 से हराया। मैच के पहले गेम में टिएन चेन ने अपने शानदार खेल से गिंटिंग पर दबाव बनाया और 21-18 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में गिंटिंग ने वेहतरीन वापसी कर टिएन चेन को 21-11 से पटखनी दी। तीसरे गेम में दोनों खिलाडियों के बीच कड़ी टक्कर हुई, जिसमें गिंटिंग ने वेहद करीबी अंतर से टिएन चेन को हराया। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब चीन की हान यूई ने जीता। यूई ने फाइनल में अपनी हमवतन झांग यिमान को सीधे गेमों में 21-18, 21-16 से हराया।

कादिर, चंद्रपाल और एडवर्ड्स आईसीसी हॉल ऑफ फेम में

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर अब्दुल कादिर, वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेवाज शिवनारायण चंद्रपाल और इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर चार्लोट एडवर्ड्स को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह दी है। आईसीसी ने कहा कि इन तीनों खिलाड़ियों को एक मतदान प्रक्रिया के बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। मतदान प्रक्रिया में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल मौजूदा खिलाड़ी, मीडिया प्रतिनिधि, क्रिकेटरों के संघ (फिका) और आईसीसी के सीनियर कार्यकारी भाग लेते हैं।

आईपीएल में पंजाब किंग्स के कप्तान बने शिखर धवन

मोहाली, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने आईपीएल-2023 सत्र से पहले ही मंयक अग्रवाल की जगह शिखर धवन को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। पंजाब किंग्स ने वर्ष 2022 में टीम की कमान मयंक को सौंपी थी। इस दौरान टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था और टीम अंक तालिका में छठवें स्थान पर रही थी। पंजाब किंग्स ने कहा कि धवन के पास कप्तानी का बड़ा अनुभव है।

विराट कोहली चुने गये आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली को अक्टूबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से नवाजा है। विराट कोहली मौजूदा समय में वेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। इस दौरान उनके वल्ले से काफी रन भी निकल रहे हैं, जिसके चलते विराट को इस अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

आईसीसी ने अक्टूबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए विराट के साथ जिम्वाब्वे के सिकंदर रजा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर को भी नामांकित किया था। आईसीसी ने कहा कि विराट कोहली ने अक्टूबर माह के अंत में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच में 82 रनों की नाबाद पारी खेली थी। विराट की इस पारी के बदौलत भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 4 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। इस मैच में कोहली ने वेहतरीन वल्लेवाजी कर सभी को प्रभावित किया था। विराट ने अपनी इस पारी को ट्वेंटी-20 क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारी वताया था।

विराट कोहली पिछले तीन वर्ष से

- **विराट पहले भी कई बार आईसीसी अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुके हैं।**
- **विराट वर्ष 2017 और 2018 में आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर वन चुके हैं।**
- **आईसीसी ने विराट को वर्ष 2012, 2017 और 2018 में वन-डे क्रिकेटर ऑफ द ईयर तथा वर्ष 2018 में टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी चुना है।**
- **विराट को वर्ष 2020 में आईसीसी ने दशक का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर और दशक का सर्वश्रेष्ठ वन-डे क्रिकेटर चुना है।**

खराव दौर से गुजर चुके हैं। इस दौरान विराट ने एक भी अंतर्राष्ट्रीय शतक नहीं लगाया था, लेकिन विराट ने एशिया कप के दौरान एक वार फिर लय हासिल की। विराट ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने के वाद विराट कोहली ने कहा कि मेरे लिए यह सम्मान की वात है। दुनियाभर के प्रशंसकों और पैनल द्वारा स्टैंडआउट खिलाड़ी के रूप में चुने जाने से यह सम्मान मेरे लिए और भी खास हो जाता है। मैं अपने सभी साथी खिलाडियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जो मुझे हमेशा वेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं।

महिला वर्ग में निदा डार बनीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

आईसीसी ने पाकिस्तान की क्रिकेटर निदा डार को महिला वर्ग में अक्टूबर माह के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। इस अवॉर्ड के लिए निदा के अलावा भारत की जेमिमाह रोड्रिग्ज और दीप्ति शर्मा को भी नामांकित किया गया था। आईसीसी ने कहा कि निदा डार ने अक्टूबर माह में 145 रन वनाने के साथ ही 8 विकेट भी चटकाए हैं। निदा के इस प्रदर्शन के वावजूद पाकिस्तान एशिया कप जीतने में नाकाम रहा। वहीं भारत की खितावी जीत में जेमिमाह रोड्रिग्ज और दीप्ति शर्मा ने प्रमुख भूमिका निभाई थी।

खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामित हुए अचंता शरत कमल

नई दिल्ली, भारत के दिग्गज टेवल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल का नाम मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार खेल रत्न पुरस्कार के लिए इस वार केवल एक खिलाड़ी का नाम भेजा गया है। कमल ने इस वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुये तीन स्वर्ण और एक रजत सहित चार पदक जीते थे। कमल ने राष्ट्रमंडल खेलों में अव तक सात स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। कमल ने एशियाई खेलों में दो वार पदक भी जीते हैं।

चोट के कारण फीफा विश्वकप से बाहर हुए पॉल पोग्बा

पेरिस, कतर में फीफा फुटबॉल विश्वकप शुरू होने से पहले फ्रांस को वड़ा झटका लगा है। फ्रांसीसी फुटवॉल टीम के स्टार खिलाड़ी पॉल पोग्वा चोट के चलते विश्वकप से वाहर हो गए हैं। पोग्वा के प्रतिनिधि ने उनके चोटिल होने और आगामी विश्वकप से वाहर होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पोग्वा की जांघ में चोट लगी है, जिसके कारण वह 15 दिन या इससे अधिक समय के लिए मैदान से वाहर हो सकते हैं। पोग्वा वर्ष 2018 में फीफा विश्वकप जीतने वाली फ्रांसीसी टीम के सदस्य रहे हैं।

न्यूजीलैंड और बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय टीम घोषित

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल वोर्ड (वीसीसीआई) ने भारतीय टीम के न्यूजीलैंड और वांग्लादेश दौरे के लिए टीम की घोषणा की है। वीसीसीआई ने कहा कि भारतीय टीम आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के वाद न्यूजीलैंड और फिर वांग्लादेश का दौरा करेगी।

वीसीसीआई ने कहा कि न्यूजीलैंड दौरे पर कप्तान रोहित शर्मा, उपकप्तान के.एल. राहुल और विराट कोहली को आराम दिया गया है जवकि गेंदवाज जसप्रीत वुमराह चोट के कारण टीम से वाहर रहेंगे। वीसीसीआई ने कहा कि भारत को न्यूजीलैंड दौरे पर 3 मैचों की ट्वेंटी-20 और 3 मैचों की वन-डे सीरीज खेलनी है। ट्वेंटी-20 सीरीज के मैच 18, 20 और 22 नवंवर को खेले जायेंगे वहीं वन-डे सीरीज के मैच 25, 27 और 30 नवंवर को खेले जायेंगे। ट्वेंटी-20 सीरीज में टीम की कमान ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या संभालेंगे, वहीं वन-डे सीरीज में शिखर धवन भारत के कप्तान होंगे।

वीसीसीआई ने कहा कि वांग्लादेश में भारत 3 मैचों की वन-डे और 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा। इन दोनों सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे। वन-डे सीरीज के मैच 4, 7 और 10 दिसम्वर 2022 को खेले जायेंगे वहीं टेस्ट सीरीज का पहला मैच 14-18 दिसम्वर और दूसरा मैच 22-26 दिसम्वर को खेला जायेगा। मध्यप्रदेश के रजत पाटीदार और कुलदीप सेन का चयन भी भारतीय टीम के लिए हुआ है।

एशियन स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण पदक

चेओंगजू, भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियन स्क्वैश चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। भारत ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता के फाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने कुवैत को 2-0 से हराया। भारत ने प्रतियोगिता में पहली वार पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले भारत ने पुरुष टीम स्पर्धा में दो वार रजत पदक जीते हैं।

भारत ने चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह वनाई। फाइनल मैच के पहले मुकावले में भारत के रमित टंडन ने कुवैत के अली अरामजी को सीधे सेटों में 11-5, 11-7, 11-4 से हराकर भारत को 1-0 से वढ़त दिलाई। इसके वाद दूसरे मुकावले में भारत के स्टार खिलाड़ी सौरव घोषाल ने अम्मार अल्तामिमी को 11-9, 11-2, 11-3 से हराकर भारत की वढ़त दोगुनी कर दी। रमित टंडन और सौरव

घोषाल की जीत के वाद अभय सिंह और फलाह मोहम्मद के वीच तीसरे मैच की जरूरत नहीं पड़ी।

महिला टीम ने जीता कांस्य पदक

एशियन स्क्वैश चैंपियनशिप में भारत की महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक जीता है। चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने सेमीफाइनल में जगह वनाई, लेकिन सेमीफाइनल में भारतीय टीम को मलेशिया के हाथों हार के कारण कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। चैंपियनशिप में हांगकांग ने स्वर्ण तथा मलेशिया ने रजत पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने भी कांस्य पदक जीता है।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

मुंबई ने पहली बार जीता खिताब

कोलकाता, भारत के घरेलू क्रिकेट की सवसे मजवूत टीम मुंवई ने एक वार फिर घरेलू क्रिकेट पर अपनी वादशाहत साविंत की है। मुंवई ने घरेलू ट्वेंटी-20 टूर्नामेंट मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताव अपने नाम किया है। मुंवई ने टूर्नामेंट के फाइनल में हिमाचल प्रदेश को 3 विकेट से हराकर खितावी जीत दर्ज की।

मैच में मुंवई ने टॉस जीतकर पहले गेंदवाजी करने का निर्णय लिया। मुंवई के तेज गेंदवाज मोहित अवस्थी ने हिमाचल प्रदेश के अंकुश वैस और सुमित वर्मा को जल्द आउट कर मुंवई को मजवूत शुरुआत दिलाई। इसके वाद प्रशांत चोपड़ा (19) और निखिल गांगटा (22) ने पारी को संभाला। इन दोनों के आउट होने के वाद हिमाचल प्रदेश की पारी एक वार फिर विखर गई। हिमाचल प्रदेश के 6 विकेट 58 रन के स्कोर पर गिर गए। हालांकि निचले क्रम में आकाश वशिष्ट (25), एकांत सेन (37) और मयंक डागर (21) ने उपयोगी पारी खेली। हिमाचल प्रदेश ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 143 रन वनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंवई की शुरुआत भी खराव रही। मुंवई के सलामी वल्लेवाज पृथ्वी शॉ और अजिंक्य रहाणे जल्द पवेलियन लौट गए। इसके वाद यशस्वी जायसवाल (27) और श्रेयस अय्यर (34) ने पारी को संभाला और लगातार रन वनाकर हिमाचल प्रदेश पर दवाव वनाए रखा। इन दोनों वल्लेवाजों के आउट होने के वाद सरफराज खान (36) ने जुझारू पारी खेलते हुए मुंवई को तीन गेंद शेष रहते 3 विकेट से जीत दिलाई।

- **मुंवई ने पहली वार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती है।**
- **तमिलनाडु ने सवसे ज्यादा तीन वार जीता है यह टूर्नामेंट।**
- **मुंवई के नाम सवसे ज्यादा वार रणजी ट्राफी जीतने का रिकॉर्ड दर्ज है।**
- **इस वर्ष टूर्नामेंट में यश धुल ने सवसे ज्यादा रन और सिद्धार्थ कौल ने सवसे ज्यादा विकेट लिए हैं।**

सूर्यकुमार ने एक वर्ष में एक हजार ट्वेंटी-20 रन पूरे किए

एडिलेड, भारत के युवा वल्लेवाज सूर्यकुमार यादव का ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वेहतरीन प्रदर्शन जारी है। सूर्यकुमार ने इस वर्ष ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाले सूर्यकुमार पहले भारतीय तथा विश्व के दूसरे वल्लेवाज हैं। सूर्यकुमार से पहले पाकिस्तान के सलामी वल्लेवाल मोहम्मद रिजवान ने वर्ष 2021 में ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में 29 मैचों में 1326 रन वनाये थे। सूर्यकुमार ने वर्ष 2022 में ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 29 पारियों में 44.60 की औसत से 1040 रन वनाये हैं। सूर्यकुमार ने इस वर्ष इंग्लैंड के खिलाफ एक ट्वेंटी-20 शतक भी लगाया है। इस वर्ष सूर्यकुमार का ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन लाजवाव रहा है। सूर्यकुमार ने हाल ही में आईसीसी द्वारा जारी ट्वेंटी-20 वल्लेवाजी रैंकिंग में रिजवान को पछाड़ते हुए पहले पायदान पर कव्जा जमाया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

पृथ्वी के सबसे नजदीक मिला सूर्य से 10 गुना बड़ा ब्लैक होल

खगोल वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के सबसे निकट ब्लैक होल की खोज की है। इसकी दूरी पृथ्वी के सबसे नजदीक स्थित ब्लैक

- **ये पृथ्वी से केवल 1,600 प्रकाश वर्ष दूर है। वैज्ञानिकों ने बताया कि यह ब्लैक होल हमारे सूर्य से 10 गुना अधिक विशाल है।**

होल की तुलना में करीब तीन गुना कम है। ब्लैक होल की पहचान उसके जोड़ीदार तारे की गति को देखकर की गई। यह तारा ब्लैक होल की परिक्रमा उसी दूरी पर करता है, जितनी दूरी पर पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। हमारी आकाशगंगा में करीब 10 मिलियन से एक बिलियन ब्लैक होल हैं।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता के लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण

विश्व में कोई भी फर्स्ट वर्ल्ड या थर्ड वर्ल्ड न हो बल्कि केवल वन वर्ल्ड हो - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत की जी-20 की अध्यक्षता के लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 1 दिसंबर, 2022 से, भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा। यह देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 ऐसे देशों का समूह है जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 85 प्रतिशत जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है, जो विश्व के 75 प्रतिशत व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या समाहित है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 का यह लोगो केवल एक प्रतीक चिन्ह नहीं है। यह एक संदेश है। यह एक भावना है, जो हमारी रगों में है। यह एक संकल्प है, जो हमारी सोच में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम्' के माध्यम से यह एक संकल्प है, जो हमारी सोच में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम्' के मंत्र के जरिए विश्व बंधुत्व की जिस भावना को हम जीते आए हैं, वह विचार इस लोगो और थीम में प्रतिबिंबित हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जी-20 की अध्यक्षता संकट और अराजकता के समय में कर रहा है। दुनिया एक सदी में एक बार आने वाली भयंकर वैश्विक

महामारी, संघर्षों और बहुत सारी आर्थिक अनिश्चितता के विनाशकारी प्रभावों से निपट रही है। उन्होंने कहा भले ही दुनिया एक बड़े संकट में है, फिर भी हम इसे एक बेहतर जगह बनाने की दिशा में प्रगति कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को आज इस मुकाम तक पहुंचने में हजारों साल का सफर तय करना पड़ा है। हमने समृद्धि के उच्च स्तर और वैश्विक इतिहास में सबसे काला दौर भी देखा है। भारत कई आक्रमणकारियों और उनके अत्याचारों के इतिहास के साथ यहां पहुंचा है। वह अनुभव भारत की विकास यात्रा की सबसे बड़ी ताकत हैं। आजादी के बाद हमने जीरो से शुरू करते हुए एक बड़े सफर की शुरुआत की जिसका लक्ष्य शिखर पर पहुंचना था। इसमें पिछले 75 वर्षों में सभी सरकारों के प्रयास शामिल हैं। सभी सरकारों और नागरिकों ने मिलकर अपने-अपने तरीके से भारत को आगे ले जाने का प्रयास किया। इसी भावना के साथ आज हमें एक नई ऊर्जा के साथ पूरी दुनिया को साथ लेकर आगे बढ़ना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया सामूहिक नेतृत्व की ओर आशा से देख रही है चाहे वह जी-7, जी-77 या यूएनजीए हो। ऐसे में भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता का एक महत्व है। भारत एक ओर विकसित देशों से घनिष्ठ रिश्ते रखता है और साथ ही विकासशील देशों के दृष्टिकोण को भी अच्छी तरह से समझता है, उनकी अभिव्यक्ति करता है। उन्होंने कहा, इसी आधार पर हम 'ग्लोबल साउथ' के सभी दोस्तों के साथ मिलकर अपने जी-20 की अध्यक्षता का खाका तैयार करेंगे, जो दशकों से विकास के पथ पर भारत के सह-यात्री रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि विश्व में कोई भी फर्स्ट वर्ल्ड या थर्ड वर्ल्ड न हो, बल्कि केवल वन वर्ल्ड हो। उन्होंने कहा कि भारत ने वन अर्थ, वन हेल्थ के मंत्र के साथ ग्लोबल हेल्थ को मजबूत करने का अभियान शुरू किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जी-20 में भी हमारा मंत्र है- एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह भारत के विचार और मूल्य हैं जो दुनिया के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है, यह आयोजन न केवल भारत के लिए एक यादगार होगा, बल्कि भविष्य इसका विश्व के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में भी आकलन करेगा।

20 एशियाई महिला उद्यमियों की सूची में

सेल चेयरपर्सन सहित तीन भारतीय शामिल

फोर्ब्स की 20 एशियाई महिला उद्यमियों की लिस्ट में तीन भारतीयों को जगह मिली है। इनमें स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की चेयरपर्सन सोमा मंडल, एमक्योर फार्मा की कार्यकारी निदेशक नमिता थापर और होनासा कंज्यूमर की को-फाउंडर तथा चीफ इनोवेशन ऑफिसर गजल अलघ के नाम शामिल हैं।

फोर्ब्स के नवंबर अंक में प्रकाशित सूची में उन महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्होंने कोविड महामारी के तीन सालों में अनिश्चितता के बीच अपने कारोबार को बढ़ाने में सफलता हासिल की। सोमा मंडल ने एक जनवरी 2021 को सेल के चेयरपर्सन का पद संभाला था। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। 600 करोड़ नेटवर्थ वाली नमिता थापर फार्मा कंपनी एमक्योर फार्मा की सीईओ हैं। साथ ही वह इनक्रेडिबल वेंचर्स लिमिटेड की फाउंडर और सीईओ भी हैं। वहीं गजल अलघ ने 2016 में अपने पति वरुण अलघ के साथ मिलकर होनासा कंज्यूमर स्थापित की थी। यह टॉक्सिन-फ्री ब्रांड सबसे तेजी से बढ़ रहे एफएमसीजी ब्रांड्स में शामिल है। सूची में ऑस्ट्रेलिया, चीन, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर, ताइवान और थाईलैंड की महिला उद्यमी शामिल हैं।

• तंजानिया में •

विक्टोरिया झील में गिरा यात्री विमान

पूर्वी अफ्रीका में स्थित तंजानिया में हवाई अड्डे की तरफ जा रहा एक छोटा यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर विक्टोरिया झील में गिर गया। तंजानिया के प्रधानमंत्री कासिम मजालिवा ने बताया कि इस हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने कहा कि विमान में सवार 26 लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विमान बुकोबा हवाई अड्डे की ओर जा रहा था, लेकिन हादसे का शिकार हो गया। तंजानिया की एअरलाइन कंपनी 'प्रीसीजन एअर' ने कहा कि विमान ने तटवर्ती शहर 'दार एस सलाम' से उड़ान भरी थी। मीडिया की खबरों में झील में काफी हद तक डूबे विमान की तस्वीर दिखाई गई है।

यूनेस्को भारत में आयोजित करेगा इंडिया-अफ्रीका हैकथॉन

शिक्षा मंत्रालय और यूनेस्को 22 से 25 नवंबर तक यूनेस्को इंडिया-अफ्रीका हैकथॉन का आयोजन करेंगे। शिक्षा

- **इसमें भारत और अफ्रीकी देशों के छात्र, शिक्षक, प्रशिक्षक और शोध क्षेत्र से जुड़े लोग इन देशों में आने वाली साझा चुनौतियों का समाधान पेश करेंगे।**

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि इसमें मेजबान भारत के अलावा 22 देश हिस्सा लेंगे। इन देशों में बोत्सवाना, कैमरून, इक्वेटोरियल गिनी, एस्वातिनी, इथोपिया, गाम्बिया, घाना, गिनी बिसाउ, लेसोथो, टोगो, मलावी, माली, मॉरिशस, केन्या, सियारालियोन, मोरक्को, मोजांबिक, नामिबिया, नाइजर, तंजानिया, यूगांडा और जिम्बाब्वे शामिल हैं।

इसका आयोजन ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में होगा। इसके मुख्य विषयों में शिक्षा, ऊर्जा, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शामिल हैं। इसमें शिक्षा शीर्षक के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल क्रांति की शक्ति के उपयोग तथा भारत एवं अफ्रीकी देशों को 'सभी के लिए शिक्षा' का लक्ष्य हासिल करने के विषय पर मंथन किया जाएगा।

यूक्रेन ने

वार्ता के लिए रूस के सामने रखी शर्त

यूक्रेन ने अपने रुख को और सख्त करते हुए कहा कि रूस के साथ बातचीत तभी संभव है, जब वह सभी यूक्रेनी क्षेत्रों से

- **जलवायु सम्मेलन से पहले रात्रि संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस पर ईमानदार वार्ता के लिए दबाव बनाना चाहिए।**

कब्जा छोड़ दे।

यूक्रेन की यह टिप्पणी अमेरिकी मीडिया की उस रिपोर्ट के संदर्भ में है,

जिसमें पिछले दिनों दावा किया गया था कि वाशिंगटन ने कीव को बातचीत के लिए संकेत देने को प्रोत्साहित किया है। जेलेंस्की ने कहा, हमने लगातार ऐसी वार्ताओं का प्रस्ताव दिया है, लेकिन रूस ने नए हमलों, बमबारी और ब्लैकमेल के साथ प्रतिक्रिया दी है।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने इस बात की पुष्टि की है कि यूक्रेन युद्ध के बावजूद मास्को और वाशिंगटन के बीच संवाद जारी है। न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में जैक ने कहा कि रूस के साथ बातचीत अमेरिका के हित में है। हमारे अधिकारी जिनसे बातचीत कर रहे हैं, उनके बारे में सुस्पष्ट है।

दुनिया में जापान से लेकर चीन तक दिखा चंद्रग्रहण

दुनिया में 8 नवंबर को इस साल का आखिरी चंद्रग्रहण नजर आया। भारत में यह ग्रहण दोपहर 2 बजकर 39 मिनट

- **इस चंद्रग्रहण को ब्लड मून भी कहा जा रहा है। नॉर्थ अमेरिका से लेकर प्रशांत, ऑस्ट्रेलिया और एशिया में ग्रहण देखा गया।**

पर शुरू हुआ। अमेरिका में स्थानीय समयानुसार 3 बजकर 2 मिनट से यह ग्रहण शुरू हुआ है। यह चंद्रग्रहण आंशिक था लेकिन फिर भी इसे लेकर उत्साह बरकरार रहा। इसके बाद साल 2025 में चंद्रग्रहण नजर आयेगा।

ग्रहण के समय चंद्रमा धरती की छाया में छिप जाता है। पूर्णिमा के दौरान जब सूरज और चंद्रमा के बीच धरती आ जाती है तो उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है। ऐसे में चंद्रमा का वह हिस्सा अंधेरे में हो जाता है। फिर जब धरती से इसे देखा जाता है तो वह काला नजर आता है।

चंद्रग्रहण कहलाता है।

8 नवम्बर को पड़े ग्रहण के दौरान चंद्रमा तांबे के जैसा लाल हो गया था इसलिये इसे ब्लड मून भी कहा गया। दक्षिण कोरिया में लोगों ने इसे देखने के लिए टेलीस्कोप का प्रयोग भी किया। जो लोग इस चंद्रग्रहण को देखने से चूक गये हैं, अब वह मार्च 2025 में इसे देख पाएंगे। हालांकि साल 2023 और 2024 में भी आंशिक ग्रहण नजर आयेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

यूक्रेन के खेरसॉन में बिजली की आपूर्ति बहाल की गई

रूस द्वारा नियुक्त अधिकारियों का कहना है कि वे यूक्रेन के कब्जे वाले खेरसॉन शहर में आंशिक रूप से बिजली की आपूर्ति बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं।

रूसी अधिकारियों के मुताबिक यूक्रेन की ओर से किए गए हमले में बिजली की आपूर्ति करने वाला तंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है।

- **खेरसॉन के आंशिक रूप से कब्जे वाले क्षेत्र के रूस समर्थक प्रशासक के उप प्रमुख किरिल स्ट्रेमोसोव ने कहा कि खेरसॉन शहर में "बिजली और कनेक्टिविटी आंशिक रूप से बहाल की जा रही है।"**

सितंबर में रूस ने अवैध रूप से खेरसॉन शहर पर कब्जा कर लिया था। शहर में तीन बिजली लाइनों के क्षतिग्रस्त होने के बाद बिजली और पानी की आपूर्ति बंद कर दी गयी थी। किरिल स्ट्रेमोसोव ने कई बार आम नागरिकों से खेरसॉन शहर को खाली करने की अपील की है।

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।